वार्षिक रिपोर्ट
1971-72

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

अप्रैल 1973 ● चैत्र 1895

© राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, 1973

प्रकाशन विभाग में, श्री म. च. वर्मा, सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली-16 द्वारा प्रकाशित और राकेश प्रेस, अजीज गंज, दिल्ली-6 में मुद्रित।

विषय-सूची

परिषद् तथा इसके कार्यकलाप ... 1

1971-72 के महत्वपूर्ण कार्य ... 7

परिशिष्ट

1. परिषद् तथा उसकी समितियों के सदस्यगण ... 25
2. 1971-72 में हुई परिषद् और उसकी समितियों की बैठकों की कार्यवाहियों का सारांश ... 37
3. वर्ष 1971-72 के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की लेखा विवरणी ... 41
4. कैम्पसों का विकास ... 42
5. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान पुस्तकालय ... 44
6. पाठ्यक्रम विकास ... 46
7. राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना ... 58
8. राष्ट्रीय एकीकरण परियोजना ... 61
9. जनसंख्या शिक्षा ... 64
10. ग्रामीण प्रतिभा खोज योजना ... 66
11. परीक्षा सुधार ... 67
12. यूनेस्को रजत जयंती समारोह ... 69
13. व्यावसायिक शैक्षिक संगठनों को अनुदान ... 70
14. अनुसंधान अध्ययन, अन्वेषण और सर्वेक्षण ... 71
15. अनुमोदित अनुसंधान परियोजनाओं के लिए सहायतानुदान (जी० ए० आर० पी०) ... 88
16. प्रशिक्षण कार्यक्रम ... 92
17. विस्तार और क्षेत्र सेवाएँ ... 100
18. राज्यों तथा संघ क्षेत्रों के साथ सहयोग ... 114
19. शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय के साथ सहयोग ... 124
20. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग ... 128
21. प्रकाशन ... 137

परिषद् तथा इसके कार्यकलाप

1. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की, जो एन० सी० ई० आर० टी० के नाम से प्रसिद्ध है, एक स्वायत्त संगठन के रूप में स्थापना 1860 के सोसायटीज रजिस्ट्रेशन अधिनियम के अधीन सितम्बर 1961 में की गयी थी। स्थापना हो जाने पर, परिषद् ने केन्द्रीय शिक्षा संस्थान (1947), केन्द्रीय पाठ्य-पुस्तक अनुसंधान ब्यूरो (1954), केन्द्रीय शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्ग-दर्शन ब्यूरो (1954), अखिल भारतीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् (1955), माध्यमिक शिक्षा विस्तार कार्यक्रम निदेशालय (1955-1959), राष्ट्रीय प्राथमिक शिक्षा संस्थान (1959), राष्ट्रीय समाज शिक्षा केन्द्र (1956), तथा राष्ट्रीय श्रव्य दृश्य शिक्षा संस्थान (1959), अपने हाथ में ले लिए। भारत सरकार द्वारा इन सभी संगठनों का गठन स्कूली शिक्षा की प्रगति के लिए सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से किया गया था। इन संगठनों को हाथ में लेने के बाद, परिषद् ने अपने कार्यकलापों का पुनर्गठन किया ताकि यह प्रभावी ढंग से कार्य कर सके।

2. परिषद् का वित्त-पोषण पूर्णतया भारत सरकार द्वारा किया जाता है। इस समय, यह शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय के शैक्षणिक पक्ष के रूप में कार्य कर रही है और यह स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में मंत्रालय की नीतियों तथा मुख्य कार्यक्रमों के तैयार करने तथा उनके कार्यान्वयन में उनकी सहायता करती है। मोटे तौर पर परिषद् के कार्य ये हैं :—

(क) स्कूली शिक्षा से संबंधित अध्ययन, जाँच तथा सर्वेक्षण करना।

(ख) सेवा-पूर्व और सेवा कालीन प्रशिक्षण का आयोजन करना, खासतौर से उच्च स्तर पर।

(ग) विस्तार सेवाओं का आयोजन करना।

(घ) सुधरी हुई शैक्षिक तकनीकों तथा क्रियाओं का स्कूलों में प्रसार करना।

तथा

(ङ) स्कूली शिक्षा से संबद्ध सभी मामलों पर विचारों तथा सूचना के विकास-गृह के रूप में कार्य करना।

3. इस प्रकार के कार्यों को प्रभावी ढंग से कर सकने के लिए, परिषद् राज्यों के शिक्षा विभागों और विश्वविद्यालयों तथा स्कूली शिक्षा के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए देश में स्थापित आम तौर पर सभी संस्थाओं के साथ निकट सहयोग से कार्य करती है। इसके अलावा, परिषद्, विश्व भर में इसी प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय संगठनों के साथ निकट संपर्क रखती है। परिषद् द्वारा किए गए कार्यों के निष्कर्ष से जनता को अवगत कराने के लिए यह पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा साहित्य का प्रकाशन करती है।

4. परिषद् ने प्रशिक्षण और विस्तार कार्यक्रमों और अनुसंधान कार्यकलापों को करने और उनको बढ़ाने के लिए अनेक संस्थाओं का गठन किया। परिषद् अपने क्षेत्र सलाहकारों के कार्यालयों की मार्फत सभी राज्य सरकारों के साथ निकट संपर्क रखती है।

परिषद् का प्रधान कार्यालय दिल्ली में है।

5. दिल्ली में, परिषद् का राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान है। इस संस्थान का मुख्य संबंध अनुसंधान, अल्पावधि प्रशिक्षण आदि से है। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के अनेक विभाग हैं, जैसे पूर्व-प्राथमिक तथा प्राथमिक शिक्षा विभाग, पाठ्यपुस्तक विभाग, अध्यापक शिक्षा विभाग, सामजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग, शैक्षिक मनोविज्ञान तथा शिक्षा आधार विभाग, विज्ञान शिक्षा विभाग, अध्यापन साधन विभाग, आधार सामग्री प्रक्रिया तथा शैक्षिक सर्वेक्षण एकक, राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान पुस्तकालय, प्रलेखीय तथा सूचना सेवाएँ। प्रत्येक विभाग का संबंध उसी को सौंपी गयी परियोजनाओं से है। इसके अलावा परिषद् के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक कुछ आधारभूत कार्य भी किया जाता है। कुल मिला कर, जो अधिकांश जाँच पड़तालें की जाती हैं, वे व्यावहारिक किस्म की होती हैं और तात्कालिक उपयोगिता की दृष्टि से उन्हें महत्वपूर्ण माना जाता है।

6. केन्द्रीय शिक्षा संस्थान, दिल्ली में बी० एड०, एम० एड०, तथा पी-एच० डी० पाठ्यक्रमों का प्रबंध है। उसका संचालन दिल्ली विश्वविद्यालय के संघटक कालेज के रूप में परिषद् द्वारा किया जाता है। इसको शीघ्र ही दिल्ली विश्वविद्यालय को हस्तांतरित किए जाने की संभावना है।

7. परिषद् अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर तथा मैसूर में चार क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों का संचालन करती है। ये संस्थाएँ स्थानीय कालेज हैं जिनमें व्यापक प्रयोगशाला, पुस्तकालय तथा निवास सुविधाएँ हैं। वे चार-वर्षीय विषय वस्तु एवं शिक्षण पाठ्यक्रम का संचालन करते हैं जिन्हें पूरा करने पर विज्ञान में बी० एससी०, बी० एड० तथा भाषाओं में बी० ए०, बी०एड० उपाधियाँ मिलती हैं। ये पाठ्यक्रम विश्व के कुछ अन्य देशों में प्रयुक्त विचारों को आत्मसात करते हुए तैयार किए

गए हैं। अनेक देशों में आमतौर पर यह विश्वास किया जाता है कि शिक्षा को इंजीनियरी, औषधि-विज्ञान जैसे व्यावसायिक विषय के रूप में माना जाना चाहिए और छात्रों को इन विषयों में और शिक्षण में साथ-साथ प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। क्षेत्रीय कालेजों में चलाए जा रहे चार-वर्षीय पाठ्यक्रम इसी अवधारण को कार्यान्वित करने के लिए हैं। इसके अलावा, क्षेत्रीय कालेज एक-वर्षीय बी० एड० पाठ्यक्रम भी चलाते हैं। ऐसे एक-वर्षीय पाठ्यक्रमों में विशेष महत्व के वे पाठ्यक्रम हैं जो विज्ञान, कृषि, वाणिज्य तथा भाषा से संबंधित हैं। प्रशिक्षण पा रहे छात्रों को हर मुमकिन सीमा तक, कार्य अनुभव प्राप्त करने के अवसर प्रदान किए जाते हैं ताकि स्कूलों में अध्यापक बनने पर वे उसका प्रसार स्कूलों में कर सकें। अजमेर, भोपाल और भुवनेश्वर स्थित तीन क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों में एम० एड० पाठ्यक्रमों का प्रबंध है जबकि उनमें से दो (अजमेर और भुवनेश्वर) शिक्षा में पीएच० डी० तक की सुविधाएँ प्रदान करते हैं। ये क्षेत्रीय कालेज मुख्यतया अपने संबंधित क्षेत्रों में स्थित स्कूल शिक्षकों तथा शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्य अनुभव के लिए सेवा कालीन शिक्षा पाठ्यक्रमों का आयोजन भी करते हैं। क्षेत्रीय कालेजों का इस ढंग से विकास किया जा रहा है कि वे देश के चारों क्षेत्रों के लिए आदर्श अथवा विशिष्ट केन्द्रों के रूप में कार्य करें। वे संबंधित क्षेत्रों में स्थित विश्वविद्यालयों और संस्थाओं के साथ तथा राज्य के शिक्षा विभागों के साथ निकट सहयोग से कार्य करते हैं। प्रत्येक क्षेत्रीय कालेज के लिए एक प्रबंध-समिति है जिसका अध्यक्ष उस विश्वविद्यालय का कुलपति होता है जिससे वह संस्था संबद्ध है। यह प्रबंध-समिति कालेज के सीधे हित के मामलों पर कार्यकारी समिति को सलाह देती है।

8. परिषद् का एक प्रकाशन एकक (विभाग) है जो परिषद् के विभिन्न संघटक एककों द्वारा तैयार की गई शैक्षिक सामग्री को प्रकाशित करता है। शैक्षिक सामग्री निम्नलिखित मुख्य श्रेणियों में विभक्त है :—

(क) पाठ्यपुस्तकें और अध्यापक दर्शिकाएँ

(ख) पूरक पठन सामग्री

(ग) वार्षिक पुस्तकें (इयर बुक्स)

(घ) अनुसंधान अध्ययन तथा प्रबंध

(ङ) अनुदेश सामग्री

(च) विवरणिकाएँ और पुस्तिकाएँ

(छ) शैक्षिक पत्र-पत्रिकाएँ

(ज) विदेशी पुस्तकों के पुनर्मुद्रित संस्करण, आदि ।

9. केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शिक्षा संविभाग के मंत्री परिषद् की महासमिति के अध्यक्ष हैं । राज्यों के तथा विधानांगों वाले संघ राज्य क्षेत्रों के सभी शिक्षा मंत्री और दिल्ली के मुख्य कार्यकारी पार्षद परिषद् के सदस्य होते हैं । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, शिक्षा तथा समाज सेवा मंत्रालय में भारत सरकार के सचिव, चार विश्वविद्यालयों के कुलपति (एक हर क्षेत्र से), भारत सरकार के 12 नामजद व्यक्ति जिनमें से चार अध्यापक होते हैं और कार्यकारी समिति के सभी सदस्य परिषद् के अन्य सदस्य हैं । इस प्रकार के गठन से उच्चतम स्तर पर और पारस्परिक सहमति से नीति विषयक निर्णय लेना संभव हो जाता है । इसी पृष्ठभूमि में भारत सरकार ने परिषद् से राष्ट्रीय स्कूल शिक्षा बोर्ड के रूप में कार्य करने का निवेदन किया है ।

10. परिषद् का प्रशासन एक कार्यकारी समिति करती है जिसमें शिक्षा और समाज सेवा के केन्द्रीय मंत्री अध्यक्ष और शिक्षा और समाज सेवा के राज्य मंत्री उपाध्यक्ष होते है । केन्द्रीय शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में शिक्षा का एक उप-मंत्री भी इसका सदस्य होता है । परिषद् के निदेशक और संयुक्त निदेशक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का अध्यक्ष, केन्द्रीय शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय और वित्त मंत्रालय का एक-एक प्रतिनिधि, दो अध्यापक, परिषद् के संकायों के तीन सदस्य और दो जाने माने शिक्षाविद परिषद् की कार्यकारी समिति के अन्य सदस्य हैं । यह कार्यकारी समिति परिषद् के कार्यों से संबंधित सभी मामलों पर निर्णय लेती है । शैक्षणिक मामलों पर निर्णय लेने में कार्यकारी समिति की सहायता के लिए एक कार्यक्रम सलाहकार समिति है जो परिषद् के कार्यक्रमों की जाँच करती है और उन्हें चालू करती है । इस समिति में परिषद् की संकाय के अलावा विश्वविद्यालय के शिक्षा विभागों और राज्य शिक्षा संस्थानों के प्रतिनिधि होते हैं । एक वित्त समिति वित्तीय प्रभाव वाले सभी मामलों पर कार्यकारी समिति को सलाह देती है जबकि प्रशासनिक समिति प्रशासनिक मामलों में सहायता करती है ।

11. इसके अलावा, कार्यकारी समिति आमतौर पर स्थायी समिति की नियुक्ति करती है, जो विभिन्न विशिष्ट प्रश्नों पर विचार करती है और जिनमें परिषद् के प्रतिनिधि और भारत के विभिन्न विभागों के इस क्षेत्र के विशेषज्ञ होते हैं । इस प्रकार विज्ञान में अध्ययन समूहों से संबंधित समस्याओं, देश में विज्ञान शिक्षा में सुधार के लिए यूनेस्को-यूनीसेफ-सहायता प्राप्त परियोजनाओं से संबंधित समस्याओं, राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना आदि को पहले तो जाने-माने विशेषज्ञों के स्तर पर सुलझाया जाता है फिर विज्ञान सलाहकार समिति उन पर विचार करती है । इसी प्रकार परिषद् की पुस्तकों के प्रकाशन से संबंधित समस्याओं पर पहले प्रकाशन सलाहकार समिति विचार करती है और भवन निर्माण संबंधी समस्याओं आदि पर निर्माण तथा कार्य समिति विचार करती है ।

12. शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय कई समितियों अथवा बोर्डों की नियुक्ति करता है । ऐसे बोर्डों में आमतौर पर परिषद् का प्रतिनिधित्व होता है । और जहाँ भी आवश्यक होता है, ऐसे बोर्डों और समितियों को उनके प्रति दिन के कार्य में सहयोग देने के अलावा, परिषद् अपेक्षित विशेषज्ञ सलाह देती है । इस प्रकार परिषद् केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड, राष्ट्रीय स्कूल पाठ्यपुस्तक बोर्ड आदि के साथ निकट सहकारिता में कार्य करती है । एक ओर शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय व उसकी समितियाँ और दूसरी ओर परिषद्, इनके बीच का संबंध इतना अविरत और निकट का है कि इस संबंध को अथवा अलग इकाई के रूप में परिषद् जिस विशिष्ट ढंग से कार्य करती है, उसे स्पष्ट शब्दों में परिभाषित करना असंभव सा है । इस प्रकार का घनिष्ठ संबंध परिषद् के प्रभावी कार्य संचालन में सहायक सिद्ध होता है और असाधारण सीमा तक इसके काम में, विशेषकर इसके कार्यक्रमों के कार्यान्वियन में सहायता करता है ।

13. परिषद् ने भारत भर में स्कूल शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा पर पहले ही पूर्ण महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है । इसने विभिन्न किस्मों में आदर्श स्कूल पाठ्य-पुस्तकें प्रकाशित की हैं, जिन्होंने देश में ही नहीं प्रत्युत बाहर भी शिक्षाविदों का ध्यान आकृष्ट किया है । इसने राज्य शिक्षा बोर्डों की परीक्षा पद्धतियों में सुधार करने में सहायता की है । इसने यूनेस्को-यूनीसेफ की सहायता से विज्ञान-अध्यापन की पर्याप्त सामग्री का विकास किया है । अब तक लगभग 550 अध्यापक प्रशिक्षण कालिजों को प्रयोगशाला उपकरण और लगभग 1100 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों को विज्ञान किट दिये जा चुके हैं । इसके अलावा, यूनेस्को-यूनीसेफ पाइलट परियोजना के अंतर्गत प्रकाशित विज्ञान पुस्तकों का कई प्रादेशिक भाषाओं में अनुवाद किया गया है ।

14. परिषद् राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना के अंतर्गत विज्ञान क्षेत्र में प्रतिभाशील छात्रों के चयन के लिए एक अखिल भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन करती है । यह योजना अत्यंत लोकप्रिय हुई है और इससे निर्धन परिवारों के भी छात्रों को शिक्षा में उच्चतम स्तर तक अर्थात पीएच० डी० तक अविच्छिन्न और वित्तीय चिन्ता से मुक्त रह कर अपना अध्ययन करने का अवसर मिला है। इस योजना के लिए परीक्षाएँ अब संघ की सभी भाषाओं में हो रही हैं और समूची कार्य विधि को निरंतर समीक्षाधीन रखा जाता है ताकि सुधार किए जा सकें ।

15. परिषद् ने विभिन्न संगठनों द्वारा तैयार की गई पाठ्यपुस्तकों का विभिन्न दृष्टिकोणों से मूल्यांकन किया है और लगातार मूल्यांकन कर रही है। अनेक राज्य संगठनों से परिषद् को इस आशय की प्रार्थनाएँ प्राप्त होती रहती हैं कि इन पुस्तकों की पांडुलिपियों का मूल्यांकन किया जाए । पाठ्यपुस्तकों और मूल्याँकन कर्त्ताओं के मार्गदर्शन के लिए परिषद् ने विभिन्न स्कूल विषयों की पाठ्यपुस्तकों के निर्माण और मूल्यांकन पर विवरणिकाएँ तैयार की हैं ।

16. अनुसंधान परियोजनाओं को सहायतार्थ अनुदान देने की परिषद् की योजना से बहुत से विश्वविद्यालय विभाग, अध्यापक प्रशिक्षण कालेज, अनुसंधान संस्थाएँ आदि महत्वपूर्ण अनुसंधान के कार्य में रत हो गई हैं। इन अनुसंधानों के कुछ परिणामों का स्कूल शिक्षा पर पहले ही जोरदार प्रभाव पड़ चुका है। परिषद् शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधानों को प्रकाशित करने में व्यक्तियों को वित्तीय रूप से सहायता भी देती है। इसके अलावा राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर के व्यावसायिक शैक्षिक संगठनों को स्कूल-शिक्षा में सुधार के लिए परिषद् अनुदान देती है। यह स्कूल अध्यापकों को कक्षा की समस्याओं को सुलझाने के लिए प्रायोगिक परियोजनाएँ करने में बढ़ावा देती है। उदीयमान युवा अनुसंधान कार्यकर्त्ताओं की सहायता करने के लिए परिषद् 300 रुपये तथा 500 रुपये के मूल्य की क्रमशः अवर तथा प्रवर मासिक वृत्तियाँ प्रदान करती है और उनके व्यावसायिक अभिवर्द्धन के लिए सुविधाएँ प्रदान करती है।

17. परिषद् ने अपने क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के माध्यम से अप्रशिक्षित शिक्षकों की बहुलता कम करने की एक विशेष परियोजना बनाई है। इस योजना में शिक्षकों को बी० एड० करने में सहायता देने के लिए अवकाश एवं पत्राचार अध्यापन उपलब्ध कराया जाता है।

18. परिषद् के कार्य की एक सामान्य विशिष्टता, स्कूल अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों को विकास की सुविधाएँ और अवसर प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार के ग्रीष्म कालीन संस्थानों का आयोजन करना है। इनमें से विज्ञान के ग्रीष्म कालीन संस्थानों का बड़ा महत्व है। इसके अतिरिक्त, अपने कार्य को सार्थक बनाने के लिए परिषद् देश में फैले हुए प्राथमिक तथा माध्यमिक विस्तार सेवा केन्द्रों का शैक्षणिक मार्गदर्शन भी करती है। इसके अलावा, परिषद् भारत के सभी भागों से लिए गए शिक्षा कर्मचारियों तथा अध्यापकों एवं अल्प विशेषज्ञों को प्रशिक्षण देने के लिए विचार गोष्ठियों और कार्यक्रमों का संचालन करती है। परिषद् में नियोजित विशेषज्ञों के लिए भारत के अनेक राज्यों एवं राज्य शिक्षा बोर्डों सहित स्कूल शिक्षा में रुचि रखने वाले बहुत से संगठनों से निरंतर तथा अनंत माँग आती रहती है।

19. राष्ट्रीय संपूर्णता और भारत की मौलिक एकता का विचार बच्चों के मस्तिष्क में भरने के लिए, परिषद् मूल्यवान साहित्य का प्रकाशन करती है और विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिए अंतरराज्यीय शिविरों का आयोजन करती है। परिषद् द्वारा विकसित पाठ्य सामग्री आदि ने स्कूलों का विशेष ध्यान आकृष्ट किया है। परिषद् ने हाल ही में जनसंख्या शिक्षा के क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया है।

20. उपरोक्त विवरण परिषद् में हो रहे विभिन्न कार्यकलापों तथा उसके व्यवस्थित और प्रशासित कार्यों का विस्तृत चित्रांकन करता है।

1971-72 के महत्वपूर्ण कार्य

1. परिचय

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने, जिसकी स्थापना शिक्षा मंत्रालय के बहुत से अधीनस्थ कार्यालयों के विलयन से एक स्वायत्त संगठन के रूप में 1961 में की गई थी अपने अस्तित्व के दस वर्ष 1971 में पूरे कर लिए। इस दशक में परिषद् ने प्रगति की, किंतु उसके कार्यों की आलोचना भी हुई। परिषद् के कार्यों की समीक्षा और उसके भविष्य के विकास हेतु सिफारिशें करने के लिए एक समिति की नियुक्ति की गई थी। एक और समिति ने भर्ती की कार्यविधियों और नीतियों की जाँच की। इन समितियों के निष्कर्ष ही परिषद् के कार्यों में सुधार करने के मूल तत्व हैं। हाल के वर्षों में परिषद का व्यय अधिक हुआ बताया गया है।

इस अनुभाग में परिषद् द्वारा वर्ष 1971-72 में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला गया है और उसने अपनी समस्याओं को किस प्रकार सुलझाया है इसका उल्लेख किया गया है।

2. व्यय

1969-70 में लगभग 316 लाख रुपये और 1970-71 में लगभग 344 लाख रुपये के सामान्य अनुदान की माँग के विरुद्ध परिषद् ने 1971-72 में अपना कार्य चलाने के लिए केवल 274 लाख रुपये के सामान्य अनुदान की माँग की। हाल के वर्षों में सम्भवतः यह सबसे कम अनुदान की माँग है। इस अनुदान में लगभग 27 लाख रुपये राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज के छात्रों को छात्रवृत्तियाँ देने के लिए, लगभग 16 लाख रुपये ग्रीष्म संस्थानों को चलाने के लिए जिनको पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग चलाता था और लगभग 10 लाख रुपये 1972-73 में छपाई के लिए पहले से कागज खरीदने के वास्ते है। इसके अलावा 10 लाख रुपए की राशि सरकारी और दूसरे संगठनों से पाठ्यपुस्तकें बेचने के संबंध में प्राप्त होनी है। इस प्रकार वर्ष 1971-72 का मूलधन और राजस्व का कुल अनुदान व्यय लगभग 211 लाख रुपये आता है। इसमें से 9 लाख रुपये केन्द्रीय शिक्षा संस्थान पर, 84 लाख रुपये अजमेर, भुवनेश्वर, भोपाल और मैसूर के चार

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों पर और 56 लाख रुपये दिल्ली के राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान पर व्यय किए गए। विशेष कर अल्प वेतन पाने वाले कर्मचारियों के लिए क्वार्टरों के निर्माण और उपकरण पर अनावर्ती व्यय लगभग 16 लाख रुपये था। शेष 46 लाख रुपये राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के प्रधान कार्यालय और देश के विभिन्न भागों में स्थित क्षेत्रीय सलाहकारों के कार्यालयों पर, जो राज्यों और परिषद् के बीच संपर्क बनाए रखने का कार्य करते हैं, व्यय किए गए। सरकारी विभागों का लेखा ब्यौरा महालेखपाल द्वारा तैयार किया जाता है और उन पर किया गया व्यय विभागों के व्यय खाते में नहीं दिखाया जाता है। भवनों का निर्माण और उनका अनुरक्षण लोक-निर्माण विभाग द्वारा होता है और यह व्यय सरकारी विभागों के व्यय खातों में नहीं दिखाया जाता है। परन्तु इन दोनों मदों का व्यय राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के प्रधान कार्यालय के खाते में दिखाया जाता है। यह बात ध्यान में रखने की है कि परिषद् में 2000 से अधिक कर्मचारी हैं जिनका व्यक्तिगत लेखा आदि स्वयं परिषद् को ही रखना पड़ता है। परिषद् के बहुत से भवन हैं और उनके अनुरक्षण कार्य के लिए लोक-निर्माण विभाग इसी प्रकार के दूसरे सरकारी विभागों के खातों में डाले गए खर्चे से कहीं अधिक परिषद् से वसूल करता है। इसी प्रकार लेखापरीक्षा के लिए भी परिषद् को शुल्क देना पड़ता है। क्योंकि परिषद् एक स्वायत्त संगठन है इसलिए इसे नगरपालिका निगम को ऊँची दर से कर देना पड़ता है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए परिषद् के प्रधान कार्यालय का व्यय अधिक नहीं है।

वर्ष 1971-72 में हुए व्यय में महत्वपूर्ण कमी लाई गई। यह कमी लगातार किए गए ऐसे उपायों द्वारा ही संभव हो सकी थी जिस से न तो कार्य स्तर पर प्रभाव पड़ा और न ही उपयोगी कार्यक्रमों की संख्या में कमी हुई। पत्राचार-एवं-ग्रीष्म स्कूल के एक वर्षीय पाठ्यक्रम के छात्रों की छात्रवृत्तियाँ समाप्त कर दी गईं। शिक्षा महाविद्यालय के नामांकित विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियों की संख्या सीमित कर भर्ती की लगभग 50 प्रतिशत कर दी गईं। सेमिनार, वर्कशाप, सम्मेलन और दूसरे कार्यक्रमों को, जिनको वास्तविक तैयारियों और साध्यों के आधार पर आयोजित करना न्यायोचित नहीं समझा गया समाप्त कर दिया गया। इस संबंध में यह बताना उचित है कि 1969-70 में सेमिनारों और वर्कशापों पर किए गए 6·15 लाख रुपये के व्यय को घटा कर 1971-72 में 3·34 लाख रुपये कर दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वालों के दैनिक भत्ते के भुगतान का युक्तिकरण कर दिया गया। परिषद् के मुद्रण कार्यक्रम में सुधार किया गया। जहाँ भी तुरंत वितरण या बिक्री की संभावना नहीं थी, ऐसी पुस्तकों की मुद्रणसंख्या में भारी कमी कर दी गई। बहुत से मामलों में सेमिनार, वर्कशाप और सम्मेलन आदि की रिपोर्टों को केवल व्यय घटाने के हेतु मिम्यूग्राफ कर लिया गया और इस प्रकार मिम्यूग्राफ सुविधाओं के उपयोग के लिए यथोचित काम भी उपलब्ध कर लिया गया।

1971-72 वर्ष में परिषद् की प्राप्तियों तथा भुगतान स्थिति का अधिक विस्तृत विवरण परिशिष्ट 3 में दिया गया है।

3. स्टाफ

किसी भी संस्था में वहाँ के सारे कर्मचारी वर्ग के सक्रिय और इच्छित सहयोग से सदैव उपयोगी कार्य किया जा सकता है। इस संबंध में सामान्य फिलॉसफी, जिससे अच्छे नतीजे निकल सकते हैं, यह है कि कर्मचारियों को उनके सामाजिक उत्तरदायित्वों का ज्ञान कराते हुए अपने आप व्यक्तिगत रूप से कार्य करने का बढ़ावा दिया जाए। स्टाफ हमेशा से यह शिकायत करता आ रहा था और समीक्षा समिति ने भी इस बात पर जोर दिया था कि परिषद् जैसी संस्था को अनिश्चित समय तक बिना विनियम के कार्य नहीं करना चाहिए। इसीलिए विनियमों का मसौदा तैयार किया गया और भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कर लिया गया। इनकी घोषणा कर दी गई है और 12-5-71 से इनको लागू कर दिया गया है। यह विनियम परिषद् में भर्ती, व्यय और उसके विभिन्न अधिकारियों के अधिकार-प्रयोग से संबंधित आवश्यक कार्यविधि के न्यूनतम मानकों को बताते हैं। परिषद् में सैकड़ों कर्मचारी कई वर्षों से प्रतिदिन की मजदूरी पर कार्य कर रहे थे। सामाजिक न्याय का तकाजा था कि असमानता की यह स्थिति समाप्त की जाय। इस समस्या पर काफी विस्तार में विचार किया गया। क्योंकि प्रतिदिन मजदूरी पर कार्य कर रहे बहुत से कर्मचारी ऐसी परियोजनाओं पर कार्य कर रहे थे जिनकी अवधि फिलहाल बहुत सीमित थी इसलिए परिषद् ने विशेष परियोजना संस्थापन की स्थापना का फैसला किया जिसके अंतर्गत परिषद् में प्रतिदिन मजदूरी पर कार्य कर रहे सभी कर्मचारी कार्य कर सकें। इन कर्मचारियों को अब परिषद् में नियमित रूप से कार्य कर रहे कर्मचारियों की तरह छुट्टी, मकान-किराया, शहर प्रतिपूरक भत्ता और वेतन सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर मिलेगा। इसने परिषद् के कर्मचारियों का काफी कुछ असंतोष दूर कर दिया है।

वर्ष 1967 से व्यावहारिक रूप से नियमित भर्ती बंद हो जाने को ध्यान में रखते हुए बहुत सी नियुक्तियाँ एड हॉक आधार पर की जा रही थीं। ऐसी नियुक्तियाँ अधिकतर शैक्षणिक वर्ष के अंत में समाप्त कर दी जाती थीं। इससे एक अस्थिरता उत्पन्न हो जाती थी और शिक्षा संस्थाओं में शिक्षा स्तर को क्षति पहुँचती थी। इसके अलावा कर्मचारियों की भर्ती और समाप्ति की कार्य पद्धति न्यायपूर्ण नहीं थी। इसके अतिरिक्त एड हॉक नियुक्तियों का कुछ महीनों से अधिक चालू रहना निश्चित रूप से अनियमित था। इसलिए परिषद् ने यह फैसला किया कि बहुत आवश्यक पदों को विज्ञापित करके दो वर्ष के शर्तनामे के आधार पर नियुक्तियाँ कर ली जाएँ। इस कार्यवाही से परिषद् को विश्वास था कि दो वर्षों में परिषद् का संरचनात्मक ढाँचा और भर्ती की कार्यप्रणाली उचित रूप से विकसित हो जाएगी।

सारे कर्मचारी वर्गों के लिए संवेदनात्मक बात भर्ती के नियमों का न होना है। भर्ती के नियम बना लिए गए हैं और सारे कर्मचारी संगठनों और स्थापना-अनुभागों में घुमा दिए गए हैं। इन से संबंधित हर व्यक्ति के विचार प्राप्त कर लिए गए हैं। ये सब समालोचनाएँ और नियमों का संशोधित मसौदा कार्यकारी समिति के विचाराधीन है। इस मामले में भारत सरकार से परामर्श कर के इन नियमों को अंतिम रूप देने की संभावना है ।

4. कार्यक्रम

परिषद् में होने वाले कार्यक्रमों की संख्या बहुत है। इनमें से कुछ समाप्त कर दिए गए हैं। कुछ ऐसे कार्यक्रमों को जिनसे तुरंत उपयोगी नतीजे निकलने की संभावना नहीं थी इसलिए चालू रखा गया क्योंकि उन पर पहले काफी धन व्यय किया जा चुका था और होने वाला अतिरिक्त व्यय कम था। परंतु सामान्य रूप से परिषद् के कार्यक्रमों को शासी निकाय के सुझावों के आधार पर पुनर्गठित करने का हर संभव प्रयत्न किया गया। परिषद् के मुख्य कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिए अनुसार है।

(क) **पाठ्यक्रम-विकास** : स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यक्रम-विकास माता-पिता, छात्रों, शिक्षकों और राज्य सरकारों की रुचि का एक विशेष कार्यक्रम है। किसी पाठ्यक्रम का यांत्रिक रूप से गठन करने से शिक्षा का उद्देश्य ही नष्ट हो जाता है। प्राथमिक, माध्यमिक और सैकेंड्री स्कूल स्तरों के लिए शिक्षा-कार्यक्रम उदार दृष्टिकोण और राष्ट्रीय नीति पर आधारित होना चाहिए। इस संबंध में भारत सरकार का राष्ट्रीय नीति-संकल्प है जिसमें शिक्षा के 10+2+3 ढाँचे की शिफारिश की गई है। अंतिम तीन वर्ष विश्वविद्यालय शिक्षा के बराबर हैं। स्कूल शिक्षा के हर स्तर पर कार्य-अनुभव अनिवार्य होना चाहिए। स्कूलों की या उनकी देखभाल करने वाले शिक्षाविभाग की दक्षता में विभिन्नताएँ हो सकती हैं परन्तु कोई वास्तविक योजना बनाते समय इस बात को ध्यान में रखना है।

समस्त योजना के आधार पर समय का विभाजन करते हुए कई निश्चित विषयों को स्कूल पाठ्यक्रम में स्थान देना होगा। हर विषय में पाठ्यक्रम-विकास उन उद्देश्यों पर आधारित होगा जिनकी पूर्ति के लिए पाठ्यक्रम बना है। इस प्रकार सर्वप्रथम अनुदेश का उपयोग छात्रों में युक्ति की क्षमता का विकास करना है। इसके उपरान्त अनुदेश का उपयोग छात्रों में निर्णय लेने और उन पर अमल करने की क्षमता का विकास करने के लिए होगा । अंत में अनुदेश का उपयोग छात्रों को एक ऐसे निश्चित ज्ञान और कार्यविधि से युक्त करना है जिसको अपना कर वे किसी समय ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं। इन उद्देश्यों के अतिरिक्त और भी अति आवश्यक बातें हैं जिनका ध्यान रखना है। पहली तो उचित मूल्यों और अभिवृत्तियों से संबंधित है और दूसरी का संबंध देश और उसके सारे साधनों की उचित सराहना से

है। यहाँ पर यह बात भी जान लेने की है कि उचित मूल्यों और अभिवृत्तियों का विकास केवल पाठ्यक्रम द्वारा ही नहीं किया जा सकता है वरन् पाठ्यक्रम के आधार पर उचित रूप से लिखी गई पाठ्यपुस्तक के द्वारा हो सकता है।

पाठ्यक्रम या पाठ्यपुस्तक का महत्व समाप्त हो जाता है यदि अध्यापकों को पाठ्यक्रम विकसित करने के उद्देश्यों की सराहना और आने वाली पीढ़ी में उचित मूल्यों और अभिवृत्तियों के निर्माण से संबंधित उचित प्रशिक्षण न दिया जाए। इसी लिए शिक्षक के लिए अनुदेश पाठ्यक्रम-विकास का एक मुख्य अंग है। इसके दो रूप हैं। पहला रूप तो संपूर्ण शिक्षक दर्शिका या शिक्षक हस्तपुस्तिका है। यह हस्तपुस्तिका शिक्षक को विस्तार में बताएगी कि उसको अपना कार्य किस प्रकार करना है, कहाँ पर प्रयोगशाला सुविधाओं का और कहाँ पर फिल्म, चार्ट्स और स्लाइडों आदि का उपयोग करना है। इसके अलावा शिक्षक का यह प्रथम कर्त्तव्य है कि वह अपने शिक्षण को बच्चों के उस वातावरण के अनुकूल बनाए जिसमें वे पलते हैं और इस प्रकार उनमें उचित मूल्यों और अभिवृत्तियों का विकास करे। यह उस समय तक संभव नहीं हो सकता है जब तक कि शिक्षक के लिए उचित सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम न हो। इस प्रकार शिक्षक दर्शिकाएँ और सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम पाठ्यक्रम-विकास के मुख्य अंग बन गए हैं। परन्तु एक उपयोगी पाठ्यक्रम, एक उपयोगी पाठ्यपुस्तक, एक उपयोगी शिक्षक दर्शिका और एक उपयोगी सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम का कोई प्रभाव नहीं होगा यदि मूल्यांकन की कार्यविधियाँ और परीक्षाएँ दोषपूर्ण हैं। वास्तव में स्कूल शिक्षा क्षेत्र की प्रगति में मुख्य बाधा वर्तमान परीक्षा कार्यक्रम हैं जो रट्टा लगाने को बढ़ावा देते हैं और शिक्षा के बुनियादी उद्देश्यों को नष्ट करते हैं। इसलिए पाठ्यक्रम विकसित करते समय ऐसे लोगों को भी शामिल करना चाहिए जो परीक्षा-सुधार-योजना बनाने से संबंधित हैं। यदि एक ऐसी योजना पाँच प्रश्नों वाले दो घंटे के प्रश्न-पत्र का विचार करती है तो ये पाँच प्रश्न ऐसे पाँच एककों के समान होंगे जिनमें प्रत्येक एकक में बहुत से विचार पूर्ण और बहुत अच्छे निर्मित प्रश्न होंगे। ऐसे प्रश्न-भंडारों की तैयारी उचित पाठ्यक्रम-विकास के लिए बहुत आवश्यक है। प्रश्न-भंडार छात्रों को अध्ययन की पद्धति की सराहना करना और उनका किस प्रकार मूल्यांकन किया जाना है, सिखाते हैं। जहाँ तक शिक्षकों का संबंध है वे तो प्रत्येक एकक के लिए एक प्रश्न चुन कर एक प्रश्न-पत्र सरलता से तैयार कर सकते हैं जो सुगठित और बहुत विचारपूर्ण होगा। इसके अलावा प्रश्न-भंडार का पूरे वर्ष लगातार मूल्यांकन करने के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। इसलिए प्रश्न-भंडार की तैयारी के विरुद्ध किया गया कोई भी प्रयत्न पाठ्यक्रम-विकास के मूल उद्देश्यों को नष्ट कर देगा।

पाठ्यक्रम-विकास के लिए ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है जो पाठ्यक्रम को काट छाँट कर बनाने और उसके उपरांत पाठ्यपुस्तक लिखने या प्रश्न-भंडार तैयार करने का कार्य करेंगे। यह उचित ढंग से देश में उपलब्ध इस क्षेत्र के उत्तम बुद्धिजीवियों द्वारा किया जाता है। परिणामस्वरूप विद्या के हर क्षेत्र के लिए विशेषज्ञों

की नामिकाएँ बनाना, पाठ्यपुस्तक के मसौदों और प्रश्न-भंडारों पर उनकी सलाह लेना और ऐसे विशेषज्ञों को लगातार कार्य में सम्मिलित रखना उचित विकास के लिए पहली शर्त है। इन विस्तृत दिशाओं के आधार पर इस प्रश्न की जाँच करके परिषद् ने विभिन्न विषयों पर उपयुक्त नामिकाएँ बना दी हैं। परिषद् के कर्मचारियों, विशेष आमन्त्रित व्यक्तियों, शिक्षकों और छात्रों के सहयोग से और नामिकाओं के परामर्श से ऐसी आशा की जाती है कि स्कूलों के उपयोग के लिए ऊँचे स्तर की सामग्री उपलब्ध की जा सकेगी। इन दिशाओं के आधार पर एक श्रेष्ठ योजना निर्माणाधीन है जिसके आधार पर परिषद् की कुछ स्थापनाओं के पुनर्गठन की संभावना है। वर्ष 1971-72 में इस क्षेत्र में परिषद् द्वारा किये गये कार्य का विवरण परिशिष्ट 6 में दिया गया है।

(ख) **स्कूल-विज्ञान-परियोजना :** भारत सरकार की यूनेस्को-यूनीसेफ सहायता प्राप्त परियोजना के अंतर्गत परिषद् ने प्राथमिक, माध्यमिक और सेकेंड्री स्कूलों में प्रयोग करने के लिए विज्ञान की प्रत्येक शाखा पर साधारण और सस्ते प्रयोगशाला उपकरण विकसित किए हैं और कर रही है। इन उपकरणों को स्कूल शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए लिखी गई पुस्तकों और तैयार किए गए पाठ्यक्रम के आधार पर विकसित किया जा रहा है। बहुत से राज्यों ने इस सामग्री का प्रयोग करते हुए अग्रगामी परियोजना आरंभ कर दी है। उन्होंने पाठ्यपुस्तकों और शिक्षक-दर्शिकाओं का अनुवाद कर लिया है और उनको छाप लिया है। इस परियोजना के दूसरे चरण में सारे प्राथमिक स्कूलों में लगभग 5 प्रतिशत को और सारे माध्यमिक स्कूलों में से लगभग 30 प्रतिशत को स्कूल-विज्ञान-उपकरण दिए जाएँगे।

इस परियोजना का एक मुख्य दोष सामने आया है। वह यह है कि जब तक शिक्षकों को, जिन्हें कि पढ़ाना है, उचित प्रशिक्षण न दिया जाए, उपकरणों और पुस्तकों से कोई लाभ नहीं होगा। इतने सारे शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्य राज्य के केवल एक या दो संस्थानों द्वारा नहीं हो सकता। ऐसी सुविधाओं को हर जगह प्रदान करने के लिए सारे शिक्षकों को प्रशिक्षण देना होगा। इस उद्देश्य से क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में ऐसे केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है जहाँ राज्य के सारे शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राथमिक और सैकेंड्री शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। भारत सरकार के सारे प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों और शिक्षा महाविद्यालयों को आवश्यक उपकरणों और छोटे पुस्तकालय से युक्त करने का प्रस्ताव है। इसलिए यदि इन संस्थानों के शिक्षक प्रशिक्षकों को क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय में उचित प्रशिक्षण दे दिया जाए और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्याय का एक विशेषज्ञ इन संस्थानों का दौरा करे तो शिक्षक प्रशिक्षकों द्वारा विज्ञान में सेवाकालीन शिक्षा का कार्यक्रम उचित ढंग से आरंभ कराया जा सकता है। स्कूलों के समूहों से शिक्षक ऐसे संस्थानों में बुलाए जा सकते हैं और प्रशिक्षित करके वापस भेजे जा सकते हैं। यदि शिक्षकों को 30 या 40 के समूहों में बुलाया

जाए तो तदनुरूप संस्थाओं को चार सप्ताह के लिए, जब तक प्रशिक्षण दिया जाता है, बंद किया जा सकता है। इन दिशाओं पर विस्तार से विचार करके चारों क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में विज्ञान में शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने की एक परियोजना तैयार कर ली गई है। जब यह परियोजना चालू हो जाएगी तो सारे शिक्षकों के लिए विज्ञान में सेवाकालीन शिक्षा का अखिल भारतीय आधार बनेगी। भारत सरकार और यूनीसेफ इस परियोजना के लिए आर्थिक सहायता देने के लिए सहमत हो गए हैं।

(ग) **राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना :** परिषद् ने वर्ष 1963 में विज्ञान में प्रतिभाशाली किशोरों को चुनने और उनको विज्ञान में आगे शिक्षा देने के अभिप्राय से यह योजना चालू की थी। प्रारंभ ही में यह पता चला कि छात्रवृत्तियों के लिए उत्तीर्ण हुए छात्रों में से बहुत से छात्र देश के प्रमुख नगरों के हैं। इसलिए ऐसा सोचा गया कि छात्रों को चुनने के लिए की गई परीक्षाओं का देश में प्रचलित सारी प्रादेशिक भाषाओं में आयोजन करने से इस दोष को कुछ हद तक दूर किया जा सकता है। इसीलिए राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज की परीक्षाओं का आयोजन अब सभी प्रादेशिक भाषाओं में हो रहा है। हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाला छात्र गाँव का रहने वाला है। इस बात पर विचार हो रहा है कि परीक्षाओं के आयोजन में सूचना के स्थान पर बौद्धिक क्षमता पर अधिक महत्व दिया जाए।

वर्ष 1971-72 में राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियाँ प्राप्त कर रहे छात्रों की संख्या निम्नलिखित है :—

बी० एस सी०

प्रथम वर्ष	219
द्वितीय वर्ष	226
तृतीय वर्ष	242

एम० एस सी०

प्रथम वर्ष	124
द्वितीय वर्ष	161
पीएच० डी०	93
जोड़	1065

इन आँकड़ों के अध्ययन से पता चला है कि छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले सभी छात्र इसको स्वीकार नहीं करते हैं। इसका एक कारण तो यह था कि उनमें से कुछ

ने इंजीनियरी या डाक्टरी में जाना पसंद किया और विज्ञान विषय छोड़ दिया। यह अपनी-अपनी रुचि की बात है। इसका दूसरा कारण यह था कि छात्रवृत्ति की राशि इतनी पर्याप्त नहीं थी कि विद्यालय के छात्र का उसमें पूरी तरह से निर्वाह हो सके। इस दोष को तेजस्वी छात्रों को राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति के साथ-साथ दूसरी छात्रवृत्तियाँ और वित्तीय सहायता स्वीकार करने की अनुमति देकर सुधार लिया गया है। बहुत से छात्रों ने छात्रवृत्ति के लगातार मिलने में कठिनाई का अनुभव किया। इसमें कुछ हद तक सुधार कर लिया गया है और उन संस्थाओं को, जहाँ छात्र दाखिला लेते हैं, आधे वर्ष छात्रवृत्ति की कुल राशि पेशगी में भेज दी जाती है। परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त सभी संस्थाओं से ऐसे छात्रों से पहले फीस न लेने का अनुरोध करने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है ताकि कुछ प्रारंभिक मुसीबतें दूर की जा सकें।

बहुत से छात्र बी० एससी० में उत्तीर्ण होने के बाद छात्रवृत्ति छोड़ देते हैं। ऐसा देखा गया है कि इनमें से कुछ विदेश जाना पसंद करते हैं। इसी प्रकार बहुत से छात्र एम० एससी० में उत्तीर्ण होने के बाद पीएच० डी० नहीं करते बल्कि विशेष अनुसंधान के लिए विदेश जाना पसंद करते हैं। वर्तमान नियमों के अनुसार भारत से बाहर की संस्थाओं को राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति प्राप्त करने की मान्यता नहीं दी जा सकती है इसीलिए इस नियम में अब कुछ नियंत्रित संशोधन कर दिया गया है कि वह छात्र जो अपनी शिक्षा आगे जारी रखना चाहता है उसकी छात्रवृत्ति की कुल राशि भारत के उसके किसी बैंकखाते में जमा करादी जाएगी यदि मान्यता प्राप्त संस्था से उसकी प्रगति रिपोर्ट प्राप्त हो जाती है।

कुछ छात्रों को पीएच० डी० में दाखिला मिलने में कठिनाई हुई। इसका एक कारण यह था कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् द्वारा भेजे गए छात्र अपने साथ आकस्मिक अनुदान की कुल राशि उन संस्थाओं के लिए लाते थे जहाँ वे अध्ययन करते थे। इससे ऐसी संस्थाओं को उपभोग करने योग्य वस्तुओं पर व्यय करने में सहायता मिलती है। राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज द्वारा चुने गये छात्रों को केवल छात्रवृत्ति दी जाती थी और संस्थाएँ जिनमें वे दाखिला लेते थे उनको कोई भी आकस्मिक अनुदान नहीं मिलता था। इस दोष को अब सुधार लिया गया है।

मूल्यांकन के लिए अपनाई गई कार्य विधियों का निकट से अध्ययन किया जा रहा है ताकि मूल्यांकन योजना में आगे आने वाली अनिश्चितताओं को कम किया जा सके। राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज के छात्रों के लाभ के लिए विभिन्न स्तर पर ग्रीष्मकालीन स्कूल चालू किए गए हैं। इन कार्यक्रमों में सुधार करने के लिए सोचा जा रहा है। वर्ष 1974 में इस योजना को अखिल भारतीय रूप से चालू हुए पूरे दस वर्ष हो जाएँगे। इसलिए स्टाफ द्वारा सारी परियोजना का वर्तमान सुविधाओं सहित लगातार निरीक्षण, सलाह-मशवरा, और मार्गदर्शन का हर दृष्टिकोण से मूल्यांकन निरीक्षणाधीन है।

1971-72 में इस योजना के कार्यान्वयन का प्रतिवेदन परिशिष्ट 7 में दिया गया है।

(घ) **शिक्षकों का व्यावसायिक विकास** : स्कूल-शिक्षा का विकास मुख्यत: शिक्षकों पर निर्भर है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का मुख्यत: संबंध शिक्षकों में उल्लास व उत्साह उत्पन्न करने की समस्या से रहा है। ऐसा विभिन्न विस्तार सेवा केन्द्रों द्वारा किया जाता है। इनमें से जिन पर प्रतिवेदन वर्ष में विशेष ध्यान दिया गया और कठिनाइयों के बावजूद जिनका विस्तार होने की संभावना है वर्णन के योग्य है। इनमें से पहला संगोष्ठी-पठन कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक शिक्षक को उसके द्वारा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए किए गए अनोखे प्रयोगों या शिक्षण के लिए अपनाई गई बेहतर तकनीकों के संबंध में लिखने की अनुमति है। शिक्षक का निबंध पहले विस्तार केन्द्र पर पढ़ा जाता है उसके बाद राज्य के सब से अच्छे लिखे निबंध चुने जाते हैं। इनका मूल्यांकन किया जाता है। और संगोष्ठी-पठन कार्यक्रम में लिखे सब से अच्छे अखिल भारतीय निबंध को पुरस्कार दिया जाता है। अच्छे निबंधों को छपाया जाता है और दूर-दूर वितरित किया जाता है। इसने बहुत से अच्छे शिक्षकों में फैले असंतोष के बावजूद, अपने कार्य में रुचि लेने के लिए उत्साह दिलाया है।

प्रयोगी परियोजनाएँ दूसरी योजना है। इस योजना में प्रत्येक शिक्षक जिसके पास शिक्षण की तकनीक सुधारने के लिए अनोखे विचार हैं अपनी परियोजना भेज सकता है। यदि वह उपयोगी प्रतीत होती है तो शिक्षक को सहायतार्थ आगे कार्य करने के लिए थोड़ा अनुदान दिया जाता है। सम्पूर्ण भारत से बहुत से शिक्षकों ने इस योजना से लाभ उठाने का प्रयत्न किया है और इसके अच्छे परिणाम निकले हैं।

इन दोनों योजनाओं पर हर दृष्टिकोण से विचार करने पर ऐसा अनुभव हुआ है कि इनकी कार्य-गति को बढ़ाया जाए। इसीलिए इन योजनाओं का केन्द्रीकरण किया जा रहा है। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के प्रिंसिपलों को इन योजनाओं की ठीक से घोषणा करने और अपने नियंत्रित क्षेत्र के सारे शिक्षकों के आवेदन-पत्रों पर कार्यवाही करने का अधिकार दिया जा रहा है। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में विषय विशेषज्ञ और शिक्षा विशेषज्ञ हैं जो संबंधित राज्य की विभिन्न भाषाओं से भली भाँति परिचित हैं। ऐसा अनुभव किया जाता है कि इन सुविधाओं से क्षेत्रीय महाविद्यालय अपने-अपने क्षेत्रों में इन योजनाओं की कार्य-गति को बढ़ा सकेंगे।

चाहे कोई व्यक्ति फौज में कार्य करता हो या नागरिक नौकरी में, उसकी कार्यक्षमता के स्तर को ऊँचा बनाए रखने के लिए समय-समय पर उसके ज्ञान और अनुभव को उल्लासकारक बनाना बहुत आवश्यक है। यह बात शिक्षकों पर भी लागू होती है। इसी लिए शिक्षकों के लिए कई सेवाकालीन कार्यक्रम प्रधान

कार्यालय या क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों द्वारा चालू किए गए हैं। इनमें से कुछ कार्यक्रम जो नए हैं वे काफी ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इनमें से एक कार्यक्रम के अंतर्गत सेकेंड्री शिक्षकों को ग्रुप में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में बुलाकर बागबानी में प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वह उन सेकेंड्री स्कूलों में जहाँ वे पढ़ाते हैं, बागबानी को कार्य-अनुभव के रूप में प्रारंभ कर सकें। दूसरे कार्यक्रम के अंतर्गत भौतिकी के शिक्षकों को ग्रुप में बुलाया जाता है और उन्हें वर्कशाप के उपकरणों और इंजीनियरी सामग्री के प्रयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके उपरांत उनसे एक ऐसी परियोजना तैयार करवाई जाती है जो उनके स्कूलों के लिए उपयोगी हो। इन्हीं शिक्षकों को ग्रीष्मकाल में फिर उनके चार या पाँच छात्रों सहित बुलाया जाता है। शिक्षकों से छात्रों को फिर उसी प्रकार प्रशिक्षण दिलाया जाता है और उनसे परियोजना का कार्य पूरा कराया जाता है। इसमें क्षेत्रीय महाविद्यालय का स्टाफ शिक्षकों की देख-रेख व सहायता करता है। यह योजना बड़े सुचारू ढंग से चल रही है और अब सेकेंड्री स्कूल स्तर पर भौतिकी-प्रयोगों के स्थान पर परियोजना-कार्य को प्रारम्भ करने का प्रयत्न किया जा रहा है।

सारे विश्व में ऐसा सोचा जा रहा है कि अध्यापक शिक्षा की प्रत्येक योजना में विषय और अध्यापन-विज्ञान को समाकलित कर लेना चाहिए। इसमें अध्यापक-प्रशिक्षण की अवधि तो नहीं बढ़ेगी परन्तु उसके द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषय के साथ-साथ अध्यापक अध्यापन-विज्ञान भी सीखेगा। यह प्रयास कई कारणों से अच्छा समझा गया है। पहला कारण तो यह है कि पढ़ाने के पेशे को कुशाग्र बुद्धि वाले नहीं अपनाते हैं और इसलिए अध्यापकों को काफी समय तक शिक्षा का उपदेश देना पड़ता है। इस प्रकार अध्यापक-शिक्षा भी इंजीनियरी और डाक्टरी आदि की तरह व्यावसायिक शिक्षा समझी जाने लगी है। ऐसा सोचने का दूसरा कारण यह है कि अध्यापक को कम से कम दो विषय पढ़ाने पड़ते हैं। उनमें से एक कार्य-अनुभव हो सकता है। कार्य-अनुभव के विषयों को प्रौढ़ों में सफलता पूर्वक प्रारम्भ नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त यह कार्य प्रभावी रूप से कई वर्षों में ही पूरा हो सकता है। विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम छात्रों को मास्टर डिग्री और अनुसंधान की ओर ले जाने की दृष्टि से बनाया जाता है जबकि अध्यापक के लिए पाठ्यक्रम उसको भविष्य में करने वाले कार्यों की दृष्टि से बनाया जाता है। सेकेंड्री स्तर पर स्कूल में जो कुछ पढ़ाया जाना है उसके प्रसंग में अध्यापन-विज्ञान से कहीं अधिक विषय का ज्ञान होना आवश्यक है। इन्हीं कारणों से समाकलित पाठ्यक्रम अधिक पसंद किए जाते हैं। आर्ट्स या साइंस कालेज और शिक्षा कालेजों में उपलब्ध सुविधाओं का समाकलित पाठ्यक्रम के लिए उपयोग करने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है। यह अब विदित हो गया है कि एक वर्षीय बी० एड० कोर्स से अच्छी सेकेंड्री अध्यापक शिक्षा का मतलब नहीं हो सकता यदि अखिल भारतीय आधार पर कोई समाकलित पाठ्यक्रम संभव नहीं हो सकता तो दूसरा उपाय केवल यही है कि विस्तार में सेवाकालीन शिक्षा और पाठ्यक्रम के लिए प्लान और कार्यक्रम बनाए जाएँ।

दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में परिषद् का विशेष ध्यान प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों और शिक्षा महाविद्यालयों को चलाने वाले अध्यापक प्रशिक्षकों और व्यावसायिक व्यक्तियों की ओर रहा है। ऐसे अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए विभिन्न प्रकार के सेवाकालीन कार्यक्रमों को तैयार किया गया और लगातार उन पर अमल किया जा रहा है। इनमें से कुछ कार्यक्रम विषय-सामग्री को बढ़ाने के संबंध में और कुछ संशोधित तकनीकों को प्रचारित करने के संबंध में हैं। कुछ कार्यक्रमों में विचार और ज्ञान बढ़ाने और अनुदेश-औद्योगिकी, जिसका सारे विश्व में महत्व बढ़ रहा है, के प्रयोग की समस्याओं पर भी ध्यान दिया गया है।

वर्ष 1971-72 में परिषद् द्वारा सेकेंडरी स्कूल अध्यापकों के लिए सेवा पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण और विभिन्न वर्गों के शैक्षिक कार्यकर्त्ताओं के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण के लिए किए गए कार्यकलापों का विवरण परिशिष्ट 16 में दिया गया है। प्रतिवेदन वर्ष में शैक्षिक विस्तार के क्षेत्र में किए गए कार्य का विवरण परिशिष्ट 17 में दिया गया है।

(ङ) **कार्य-अनुभव** : आने वाले कल के समाज के लिए बच्चे को तैयार करने के वास्ते यह बहुत आवश्यक है कि उसको हाथ और मस्तिष्क दोनों से कार्य करने के महत्व का आभास कराया जाए। बच्चे को इस बात का ज्ञान कराना भी आवश्यक है कि बिक्री के लिए बनाई किसी भी चीज का स्तर होना चाहिए। इसके लिए दक्षता और पुनरुत्पादन के दृष्टिकोण से प्रयोग करने की क्षमता होना भी आवश्यक है। इसके अलावा कृत्रिम प्रौद्योगिक समाज में बिक्री वाली वस्तुओं और उनकी कीमतों का ज्ञान होना भी आवश्यक है। केवल इसी तरीके से जैसे बच्चा बड़ा होता है वह अपने योगदान का मूल्य धन में आँकना सीखता है। इसीलिए विश्व के बहुत से देशों में कार्य-अनुभव की शिक्षा स्कूल शिक्षा के सारे स्तरों का एक आवश्यक अंग बन गई है। वास्तव में उत्तीर्ण होने में कार्य-अनुभव का उतना ही श्रेय है जितना कि गणित, विज्ञान या भाषा का। शिक्षा आयोग (1964-66) ने स्कूल स्तर पर कार्य-अनुभव प्रारम्भ करने की सिफारिश की थी। परिषद् इस समस्या पर विशेष रूप से सजग है और वह इस क्षेत्र में कृषि में कार्य-अनुभव के विशेष महत्व पर सोच-विचार कर रही है क्योंकि हमारे बहुत से स्कूल देहातों में हैं। एक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय में प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षकों के कई दलों को कृषि में कार्य-अनुभव का प्रशिक्षण दिया गया। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के निदर्शन स्कूलों की हर कक्षा में कार्य अनुभव प्रारम्भ करने के कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। जब यह योजना मानक आधार पर चालू हो जाएगी, जिसके चालू होने में अधिक समय नहीं लगेगा, उस समय किसी राज्य के विशेषज्ञ परिषद् के निदर्शन स्कूलों का दौरा कर सकते हैं और कार्य-अनुभव का प्रयोग देखकर अपनी राय स्वयं बना सकते हैं।

(च) **शिक्षा में वर्तमान समस्याएँ :** स्कूल स्तर पर शिक्षा की बहुत सी समस्याएँ हैं जिनको हल करना बहुत कठिन है । बहुत से मामलों में विश्व के दूसरे देशों में प्रचलित व्यवहारों की पृष्ठभूमि का, और ऐसी परियोजनाओं पर किए जाने वाले व्यय की जानकारी होना आवश्यक है । इनका हल निकालने से पहले यह आवश्यक है कि इस क्षेत्र से संबंधित सभी लोगों को शिक्षित कर दिया जाए । इसीलिए परिषद् देश के वर्तमान हित की विभिन्न समस्याओं पर 'शिक्षा में वर्तमान समस्याएँ' नामक पुस्तकों की एक नई शृंखला प्रकाशित कर रही है ।

शिक्षा के क्षेत्र में औद्योगिकी का प्रयोग बढ़ता ही जा रहा है । ऐसा अनुभव किया गया है कि टेप रिकार्डों, भाषा प्रयोगशालाओं और दूसरे श्रव्य दृश्य सहायक साधनों के प्रयोग से भाषा-प्रशिक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है और भाषा-शिक्षण के समय को भी कम किया जा सकता है । परिषद् ने इन समस्याओं की जाँच करने के लिए एक समिति की नियुक्ति की है और आवश्यक देशी उपकरणों को विकसित करने का कार्य भार मेसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स को दे दिया गया है, जो जल्दी ही नमूने तैयार कर लेंगे । साथ ही साथ चरम-उपकरणों को तैयार करने पर विचार किया जा रहा है । मेसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा उपकरणों का उत्पादन प्रारम्भ होते ही इस परियोजना को आगे बढ़ाने का प्रोग्राम है । अध्यापकों की शिक्षा के लिए सूक्ष्म-शिक्षण विशेष महत्वपूर्ण है । अध्यापक के लिए यह आवश्यक है कि वह वास्तविक कक्षा-स्थिति को देखे जहाँ अध्यापक पढ़ा रहा हो और कक्षा में हुए सवालों-जवाबों का निरीक्षण करे । यह सब भली प्रकार से कक्षा-स्थिति को विडियो टेप पर रिकार्ड करके और उसका पुनर्उपयोग करके किया जा सकता है ।

कुछ मामलों में यह आवश्यक है कि बच्चे को उसकी अपनी ही गति से किसी विशेष समस्या और उसके हल को अपने आप समझने दिया जाए । इसके लिए अनुदेश कार्यक्रम बहुत उपयुक्त हैं । अनुदेश कार्यक्रम में निहित विचारों का स्कूलों में, विशेषतया प्राथमिक स्कूलों में, उपयोग किए जाने पर विचार हो रहा है ।

इस बात में कोई सन्देह नहीं है कि बहुत सस्ते कम्प्यूटरों, जिन्हें "मिनी-कम्प्यूटर" कहते हैं, के सीमित प्रयोग से किसी भी इच्छित सूचना के संचयन और पुनरुत्पादन में सहायता मिल सकती है । इसीलिए स्कूल और कालेज में इन सस्ते कम्प्यूटरों का अनुदेश-कार्यक्रमों में किस प्रकार प्रयोग किया जाए, यह भी विचाराधीन है ।

5. राज्यों के साथ संबंध

गत कुछ वर्षों से परिषद् द्वारा दी गई सुविधाओं से बहुत से राज्य लाभ उठा रहे हैं । असम, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मैसूर, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा राज्यों ने अपने कार्मिकों को प्रश्न-पत्र के गठन में प्रशिक्षण देने और

परीक्षा-कार्यक्रमों में सुधार करने में परिषद् से सहायता ली है।

बिहार तथा जम्मू और कश्मीर राज्यों ने उनके लिए तैयार पाठ्यपुस्तकों की पांडुलिपियों की समीक्षा में परिषद् की सहायता ली है ताकि इन पुस्तकों को प्रकाशित करने से पूर्व उपयुक्त निर्णय किए जा सकें।

आंध्र प्रदेश, बिहार, हरियाणा, मैसूर, राजस्थान और केरल राज्यों ने सामाजिक अध्ययन और भाषा आदि की पुस्तकें तैयार करने में परिषद् की सहायता ली है। बहुत से राज्यों ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की पुस्तकों को ग्रहण या अनुकूलित कर लिया है।

राज्यों के साथ परिषद् के सब से घनिष्ठ संबंध उसके दो मुख्य कार्यक्रमों के द्वारा हुए। पहला तो राष्ट्रीय एकीकरण की दृष्टि से पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन का प्रचंड कार्यक्रम है। करीब-करीब सभी राज्यों ने इस परियोजना पर अमल किया। इस परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले शिक्षा निदेशक या सेकेंड्री शिक्षा बोर्डों द्वारा 1 से 11 तक की कक्षाओं के लिए निर्धारित पुस्तकों की सूची तैयार की जाती है। पुस्तक की और विशेष मूल्यांकन के लिए विकसित उपकरण की एक-एक प्रति विषय के स्कूल-अध्यापक को भेज दी जाती है जो मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करता है। इसके बाद जाँच के लिए पुस्तक और उसकी मूल्यांकन रिपोर्ट पहले एक विशेषज्ञ को भेज दी जाती है और फिर विशेषज्ञ समिति को। इस प्रकार विशेषज्ञ समिति के पास तीन मूल्यांकन रिपोर्टें पहुँचती हैं जिनमें से एक राज्य के माध्यम से प्राप्त होती है। अधिकतर राज्यों ने इस मूल्यांकन में परिषद् को सहयोग दिया है। इस मूल्यांकन के फलस्वरूप आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल, नागालैंड, जम्मू और कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मैसूर, बिहार, दिल्ली, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, पंजाब और पश्चिमी बंगाल राज्यों के लिए आवश्यक रिपोर्टें तैयार कर ली गई हैं। इस मूल्यांकन से यह पता चला है कि तीन प्रतिशत पुस्तकें ऐसी हैं जिनका भविष्य में प्रयोग बन्द करना होगा। लगभग 20 से 30 प्रतिशत पुस्तकें ऐसी हैं जिनकी कुछ सामग्री या तो निकाल दी जाएगी या फिर निर्दिष्ट भागों को पुनः लिखना पड़ेगा। जब विशेषज्ञ समिति की रिपोर्टें संबंधित अधिकारियों को भेजी गईं तो अधिकतर राज्यों ने बड़ी तत्परता से उन पर अमल किया।

विभिन्न राज्यों और राज्य समूहों के लिए क्षेत्रीय सलाहकारों के कार्यालयों की स्थापना से राज्यों के साथ संबंधों में सुधार हुआ है और परामर्श तथा सहयोग देने में सहायता मिली है। परिषद् के कुछ क्षेत्रीय सलाहकारों के पहल करने से बहुत से राज्यों ने अपने कार्यक्रमों में सुधार करना प्रारम्भ कर दिया है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् और राज्य सरकारों/संघ क्षेत्रों के बीच 1971-72 में हुए सहयोग कार्यकलापों का ब्योरा परिशिष्ट 18 में दिया गया है।

6. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय

चारों क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में कुल मिलाकर लगभग 4,000 विद्यार्थी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए नामांकित हैं। छोटे स्तर पर पीएच० डी० का कार्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है। इसके अलावा चारों क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में संलग्न चार प्रदर्शन स्कूलों में लगभग 2,000 छात्र हैं। इस प्रकार परिषद् इन महाविद्यालयों द्वारा 4,000 विश्वविद्यालय छात्रों और 2,000 स्कूल छात्रों को अनुदेश संबंधी सुविधाएँ प्रदान करती है। इन महाविद्यालयों में विशेष बात यह है कि ये अध्यापक-शिक्षा के संचालन से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रयोग करते रहते हैं। ये सब कैम्पस महाविद्यालय हैं जिनको विभिन्न प्रकार की शिक्षा-सुविधाएँ प्राप्त हैं। स्कूल-शिक्षा के क्षेत्र में अनुपदेशात्मक और प्रायोगिक प्रयोजनों के लिए ये सुविधाएँ पर्याप्त समझी जाती हैं। इस प्रकार क्षेत्रीय महाविद्यालय मूलतः बहु-विद्याविभागीय संस्थाएँ हैं। इनके बहुरूपी कार्यक्रमों को देखते हुए कुछ विश्वविद्यालय, जिनसे ये अंगीकृत हैं, इनको स्वायत्त स्थिति प्रदान करने पर विचार कर रहे हैं। इन क्षेत्रीय महाविद्यालयों के विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम और स्कूल परीक्षा परिणाम दोनों ही असाधारणतः अच्छे हैं और बरबादी उपेक्षणीय है। क्षेत्रीय महाविद्यालयों से निकले हुए बहुत से छात्र जो स्नातकोत्तर पढ़ाई कर रहे हैं, इन पाठ्यक्रमों में काफी अच्छे चल रहे हैं। प्रवेश का स्तर काफी ऊँचा है। इस प्रकार विज्ञान पाठ्यक्रमों में केवल वही छात्र प्रवेश पाते हैं जो उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में 55 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करते हैं। इनमें से कुछ क्षेत्रीय महाविद्यालय जिनसे ये अंगीकृत हैं, इनको स्वायत्त स्थिति प्रदान करने पर विचार कर रहे हैं।

इन क्षेत्रीय महाविद्यालयों के विशेष महत्वपूर्ण कार्यकलाप सेवाकालीन अध्यापक-शिक्षा और अध्यापक-प्रशिक्षण के क्षेत्र में हैं। प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षकों की भलाई के लिए भी कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिए गए हैं और क्योंकि यह काफी महत्वपूर्ण कार्य है इसलिए इस क्षेत्र के कार्यक्रमों की गति बढ़ाने की योजना है।

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के पाठ्यक्रमों की एक विशेषता यह है कि अध्यापक-शिक्षा में कार्य-अनुभव की ओर ध्यान दिया जाता है। हमारा देश गरीब है और अध्यापकों को स्कूलों में कम से कम दो विषय पढ़ाने पड़ते हैं। कार्य-अनुभव के लिए अलग अध्यापक की नियुक्ति करना संभव नहीं है। इसलिए अगर विज्ञान और कला के अध्यापक कार्य-अनुभव के क्षेत्र में शिक्षित हैं तो वे स्कूल में एक या दो विषयों के पढ़ाने के अतिरिक्त यह कार्य भी सँभाल सकते हैं।

जहाँ तक शिक्षा महाविद्यालयों के प्रदर्शन स्कूलों का संबंध है, उनमें प्रत्येक कक्षा में नियमानुसार कार्य-अनुभव अनुदेश की योजना बना ली गई है जो अगले वर्ष से चालू की जाएगी।

प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय की देखभाल एक प्रबंधक समिति द्वारा की जाती है जिसमें उस क्षेत्र के सब राज्यों के प्रतिनिधि सदस्य हैं। महाविद्यालय से सम्बद्ध विश्वविद्यालय का कुलपति प्रबंधक समिति का अध्यक्ष होता है। महाविद्यालय के बहुत से कार्यक्रमों पर इसकी प्रबंधक समिति सोच विचार करती है। वास्तव में विभिन्न राज्यों के अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए सेवाकालीन कार्यक्रमों का आयोजन संबंधित राज्यों के प्रतिनिधियों के सुझाव या प्रार्थना पर ही किया जाता है।

7. अनुसंधान

अनुसंधान करना परिषद् का प्रमुख कार्यक्रम है। विभिन्न कार्यक्रमों के विकास के लिए कुछ न कुछ अनुसंधान करना पड़ता है। पाठ्यक्रम-विकास और पाठ्य पुस्तक के बनाने और मूल्यांकन करने के क्षेत्र में कार्यक्रम को अर्थपूर्ण बनाने के लिए सदैव कुछ अनुसंधान करना पड़ता है। इस सीमा तक कुछ अनुसंधान सदैव करना पड़ता है। ऐसा कहना केवल राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के ही लिए नहीं वरन् क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के लिए भी ठीक है। इसके अतिरिक्त मूल अनुसंधान पर भी कुछ ध्यान दिया जाता है जिसमें अपने आप कुछ अन्वेषण करने पड़ते हैं, जिनके समाप्त होने के बाद ही उनके परिणाम और नई समस्याएँ सामने आती हैं। ऐसे अन्वेषणों में काफी समय लगता है। एक ऐसे ही अन्वेषण अर्थात् 2½ से 5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रतिमान परियोजना के विकास के परिणाम अब तैयार हैं। इन अन्वेषणों के परिणामस्वरूप जो कि अहमदाबाद, इलाहाबाद, बम्बई, दिल्ली, कलकत्ता, हैदराबाद और मद्रास के शहरी और देहाती क्षेत्रों में किए गए, यह पता चला है कि देहाती बच्चे 5+ आयु पर शहरी बच्चों के मुकाबले में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए कम तैयार हैं। वास्तव में देहाती क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं से बच्चों के मस्तिष्क का विकास उतना नहीं हो पाता है जितना शहरी क्षेत्रों के बच्चों का 2½ से 5 वर्ष की आयु का समय ऐसा होता है जबकि मस्तिष्क का विकास बड़ी तेजी से होता है। परिणामस्वरूप अन्वेषणों के परिणामों से एक बुनियादी समस्या आ खड़ी हुई है। यदि बच्चों के प्राथमिक स्कूलों में प्रवेश होने से पूर्व उन्हें किसी प्रकार की स्कूल-पूर्व शिक्षा दे दी जाए तो संभवतः देहाती बच्चे प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए अच्छी प्रकार तैयार भी हो जाएँगे और बरबादी तथा गतिहीनता भी कम हो सकेगी। इसके अलावा इस प्रकार की पूर्व प्राथमिक शिक्षा की सुविधा हो जाने से पिछड़ी जातियों के 2½ से 5 वर्ष की आयु के बच्चों का मस्तिष्क ठीक प्रकार से विकसित हो सकेगा। ऐसी अवस्था में वे बिना किसी कठिनाई के शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। यदि यह वास्तविक रूप से सफल हो जाए तो ऐसे बच्चों के लिए आगे चल कर स्थान आरक्षण और विशेष छात्रवृत्तियों की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी।

मातृभाषा और शिक्षा प्राप्त करने के समान अवसर प्रदान करने के एक

दूसरे अन्वेषण में स्कूल और कालेज स्तर पर भाषा के शिक्षण अपनाने के संबंध में प्राप्त आँकड़ों के आधार पर वैज्ञानिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण से आलोचनात्मक अध्ययन किया गया है। भारतीय स्थितियों से संबंधित संपूर्ण आँकड़े उपलब्ध किए गए हैं। इस अन्वेषण से यह निष्कर्ष निकला है कि मातृभाषा ही शिक्षण का सब से अच्छा माध्यम है। इसके लिए यह कहा जा सकता है कि यह तो ज्ञात तथ्य है और कुछ हद तक यह सत्य भी है। फिर भी इन नीतियों और कार्यक्रमों को व्यावहारिक रूप से कार्यान्वित करने के लिए इस समस्या पर इसके विस्तृत संदर्भ में लागू की गई नियंत्रित स्थितियाँ बहुत आवश्यक हैं। इस अन्वेषण ने एक समय से अनुभव की जाने वाली आवश्यकता की पूर्ति की है।

1971-72 वर्ष में पूरी की गई तथा हाथ में ली गई अनुसंधान परियोजनाओं, अन्वेपणों तथा शैक्षिक सर्वेक्षणों का संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट 14 में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त परिपद् विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण की दूसरी संस्थाओं को अनुसंधान रिपोर्टों आदि के प्रकाशन के लिए सहायक अनुदान देती है। बहुत सी अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा करते-करते कई वर्ष लग जाते हैं। ऐसी परियोजनाओं के परिमाप या तो रिपोर्ट के आकार में प्रकाशित होते हैं या व्यावसायिक पत्रिकाओं में। परिपद् की जी० ए०आर०पी० (अनुमोदित अनुसंधान परियोजनाओं के सहायतार्थ अनुदान) योजना के अन्तर्गत अब तक 96 अनुसंधान परियोजनाएँ, जो शिक्षा के विभिन्न मुख्य रूपों से संबंधित हैं देश के विभिन्न भागों की विभिन्न संस्थाओं को दी गई।

1971-72 में जी०ए०आर०पी० योजना के अन्तर्गत कुल मिलाकर, 73,450 रुपये आर्थिक अनुदान में जिन संस्थाओं को दिए गए उनके नाम और उनकी परियोजनाओं के शीर्षक परिशिष्ट 15 में दिए गए हैं।

8. प्रकाशन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् शायद देश के स्कूल पाठ्यपुस्तकों के सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है जो 30 से 40 लाख रुपये मूल्य की पुस्तकें बेचती है। अब तक इन पुस्तकों के उत्पादन, छपाई और तथ्य सम्बन्धी अशुद्धियों के बारे में बहुत कम आलोचना हुई है। वास्तव में अनेक व्यक्तियों ने परिषद् की पुस्तकों की प्रशंसा की है। पुस्तकों की कीमत बिना लाभ-हानि के आधार पर निर्धारित की जाती है। यद्यपि क्रय-मूल्य के ऊपर पुस्तक विक्रेताओं के कमीशन और परिषद् के दूसरे प्रासंगिक व्ययों की गुंजायश रखी जाती है फिर भी परिपद् की पुस्तकें बाजार में सब से सस्ती हैं। ये सब पुस्तकें तुरंत ही बिक जाती हैं और इनके न मिलने के संबंध में बहुधा शिकायतें मिलती रहती हैं। ऐसा इसलिए होता है कि निजी स्कूलों के प्रबंधकर्ताओं द्वारा पुस्तकों का अग्रिम आर्डर नहीं दिया जाता और संस्करण समाप्त होने पर बच्चों को पुस्तकों के लिए मारे-मारे फिरना

पड़ता है। अधिक पुस्तकों की प्रतियाँ छापने की योजना बनाई जा चुकी है ताकि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की पुस्तकें जनता को सुगमता से मिल सकें। नई दिल्ली के कनाट प्लेस क्षेत्र में एक विक्रयपटल बनाने की अनुमति दी जा चुकी है। यह बात विशेष ध्यान देने की है कि 1971-72 में पाठ्यपुस्तकों की बिक्री से आमदनी कुल खर्चे से 6 लाख रुपए अधिक हुई। यदि प्रकाशन कार्यक्रम को कुछ सरकारी नियमों और प्रतिबंधों से मुक्त कर दिया जाए तो पुस्तकों की बिक्री को अधिक बढ़ाना और प्रकाशन के कार्यों को अधिक से अधिक छात्र समुदाय तक पहुंचाना सम्भव हो सकेगा। यदि परिषद् को अपनी पुस्तकें विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने और छापने की अनुमति दे दी जाए तो पुस्तकों की बिक्री बहुत अधिक बढ़ सकती है। इन समस्याओं पर परिषद् विचार कर रही है।

1971-72 की विषय वार प्रकाशित पुस्तकों की सूची परिशिष्ट 21 में और विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्रों आदि द्वारा कोर्स में लगाई गई परिषद् की पाठ्य पुस्तकों की सूची इस परिशिष्ट के अनुबंध में दी गई है।

निम्नलिखित विषयों से संबंधित विस्तृत ब्यौरा उनके सामने लिखी हुई परिशिष्ट में दिया गया है :

परिषद् तथा उसकी समितियों के सदस्यगण	परिशिष्ट 1
1971-72 में हुई परिषद् और उसकी समितियों की बैठकों की कार्यवाहियों का संक्षिप्त विवरण	परिशिष्ट 2
कैम्पसों का विकास	परिशिष्ट 4
राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान पुस्तकालय	परिशिष्ट 5
राष्ट्रीय एकीकरण परियोजना	परिशिष्ट 8
जनसंख्या शिक्षा	परिशिष्ट 9
ग्रामीण प्रतिभा खोज योजना	परिशिष्ट 10
परीक्षा सुधार	परिशिष्ट 11
यूनेस्को रजत जयन्ती समारोह	परिशिष्ट 12
व्यावसायिक शैक्षिक संगठनों को अनुदान	परिशिष्ट 13
शिक्षा तथा समाज सेवा मंत्रालय के साथ सहयोग	परिशिष्ट 19
अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	परिशिष्ट 20

कृतज्ञता ज्ञापन

परिषद् शिक्षा तथा समाज कल्याण के केन्द्रीय तथा राज्य मंत्रियों द्वारा उसके कार्यों में रुचि लेने के लिए अत्यन्त कृतज्ञ है। परिषद् शिक्षा तथा समाज

कल्याण मंत्रालय के सभी कर्मचारियों को उनके द्वारा प्रतिवेदन वर्ष में समय-समय पर दी गई सुविधाओं के लिए अत्यन्त कृतज्ञ है। परिषद् उन सभी संगठनों और विशेषकर राज्य शिक्षा विभागों के प्रति भी कृतज्ञ है जिन्होंने उसके कार्यकलापों को चालू रखने में सहयोग दिया है। परिषद् 'यूनेस्को', 'अमरीकी राष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रतिष्ठान' रूस की सरकार, ब्रिटेन की सरकार और जर्मन लोकतांत्रिक गणराज्य की भी कृतज्ञ है जिन्होंने विभिन्न रूपों में सहायता प्रदान की है।

परिशिष्ट I

परिषद् तथा उसकी समितियों के सदस्यगण

1971-72

(क) परिषद्

1. श्री सिद्धार्थ शंकर राय
केन्द्रीय मंत्री
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
शास्त्री भवन
नई दिल्ली । (अध्यक्ष)

2. डा० दौलत सिंह कोठारी
अध्यक्ष
विश्वविद्यालय, अनुदान आयोग
बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली ।

3. श्री टी० पी० सिंह
सचिव
भारत सरकार
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
नई दिल्ली ।

4. डा० के० एल० श्रीमाली
उपकुलपति,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी ।

5. प्रो० एस०एन० सेन
उपकुलपति
कलकत्ता विश्वविद्यालय
कलकत्ता ।

6. श्री एन०डी० सुंदरवडिवेलु
उप-कुलपति
मद्रास विश्वविद्यालय
मद्रास ।

7. श्रीमती शारदा दीवान
उप-कुलपति
एस० एन० डी० टी०
महिला विश्वविद्यालय
1, नाथीबाई ठाकरसी रोड
बम्बई-20 ।

8. शिक्षा मंत्री
आंध्र प्रदेश
हैदराबाद ।

9. शिक्षा मंत्री
असम
शिलाङ ।

10. शिक्षा मंत्री
बिहार
पटना ।

11. शिक्षा मंत्री
गुजरात
अहमदाबाद ।

12. शिक्षा मंत्री
हरियाणा
चंडीगढ़ ।

13. शिक्षा मंत्री
हिमाचल प्रदेश
शिमला ।

14. उप शिक्षा मंत्री
जम्मू तथा कश्मीर
श्रीनगर ।

15. शिक्षा मंत्री
केरल
त्रिवेन्द्रम ।

16. शिक्षा मंत्री
मध्य प्रदेश
भोपाल ।

17. शिक्षा मंत्री
महाराष्ट्र,
बम्बई ।

18. शिक्षा मंत्री
मैसूर
बँगलोर ।

19. शिक्षा मंत्री
नागालैण्ड
कोहिमा ।

20. शिक्षा मंत्री
उड़ीसा
भुवनेश्वर ।

21. शिक्षा मंत्री
पंजाब
चण्डीगढ़ ।

22. शिक्षा मंत्री
राजस्थान
जयपुर ।

23. शिक्षा मंत्री
तमिल नाडु
मद्रास ।

24. शिक्षा मंत्री
उत्तर प्रदेश
लखनऊ ।

25. शिक्षा मंत्री
पश्चिम बंगाल
कलकत्ता ।

26. मुख्य कार्यकारी पार्षद
दिल्ली प्रशासन
दिल्ली ।

27. शिक्षा मंत्री
गोआ, दमन और दीव
पानाजी (गोआ)

28. शिक्षा मंत्री
पांडिचेरी सरकार
पांडिचेरी ।

29. शिक्षा मंत्री
त्रिपुरा सरकार
अगरतला ।

30. शिक्षा मंत्री
मेघालय
शिलाङ ।

31. सैयद नूरुल हसन
राज्य मंत्री
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
शास्त्री भवन
नई दिल्ली ।

32. प्रो०डी०पी० यादव
उप-मंत्री
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
शास्त्री भवन
नई दिल्ली ।

33. प्रो०एस०वी०सी० अय्या
निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली ।

34. प्रो० एम० वी० माथुर
निदेशक
एशियायी शैक्षिक आयोजना
और प्रशासन संस्थान
दिल्ली ।

35. प्रो० शान्ति नारायण
कालेजों के शाखाध्यक्ष
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली ।

36. श्री एस० उदापाचार
मुख्य अध्यापक
नृपतुंग बहुद्देशीय
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
हैदराबाद ।

37. श्री डी० एस० बाजपेयी
प्रधानाचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
भारतीय टेक्नॉलॉजी संस्थान
कानपुर ।

38. संयुक्त निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली ।

39. डा० रवीन्द्र ह० दवे
अध्यक्ष
पाठ्यपुस्तक विभाग
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली ।

40. डा० मोहन चंद्र पंत
अध्यक्ष
विज्ञान शिक्षा विभाग
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली ।

41. श्री प्रभुदत्त शर्मा
प्रधानाचार्य
क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय
भुवनेश्वर ।

42. श्री टी० आर० जयरामन
संयुक्त सचिव
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
नई दिल्ली ।

43. श्री ओ०पी० मोहला
वित्तीय सलाहकार
(राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्)
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
नई दिल्ली ।

44. श्री भक्त दर्शन
15, गुरुद्वारा रकाब गंज मार्ग
नई दिल्ली-1

45. श्री एच० नरसिंहैय्या
प्रधानाचार्य
नेशनल कालेज
बेंगलौर ।

46. श्री आई०जे० पटेल
अध्यक्ष
राज्य अध्यापक शिक्षा बोर्ड
राज्य शिक्षा संस्थान
रायखंड
अहमदाबाद ।

47. श्री एस०पी० वर्मा
उप सचिव
मध्य प्रदेश सरकार, शिक्षा विभाग
भोपाल ।

48. प्रो० रईस अहमद
अध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
अलीगढ़ ।

49. श्री डी०बी० फटंगारे
थोम्बर बिल्डिंग
कोपर गाँव
जिला अहमदनगर
महाराष्ट्र ।

50. श्री एस०बी० चित्तीबाबू
स्कूल शिक्षा निदेशक
तमिलनाडु
मद्रास ।

51. कुमारी के० पसरीचा
प्रधानाचार्य
कन्या महाविद्यालय
जालन्धर शहर ।

52. डा० डी०एन० गोखले
12, फर्गुसन कालेज कैम्पस
पूना ।

53. डा० के० कुरुविला जैकब
प्रधानाचार्य
दि कैथेड्रल एण्ड जान कौनन स्कूल
6, अउट्रम रोड
बम्बई ।

54. श्री एम० अब्दुल गनी साहब
429, पी०आर० स्ट्रीट
मुस्लिमपुर
वनियाम बादी
जिला उत्तरी अर्काट (त०ना०)

55. श्री के० सुकुमारन
शिक्षा अधिकारी
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
नेहरू हाउस
बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली

सचिव
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली । (सचिव)

(ख) कार्यकारी समिति

1. श्री सिद्धार्थ शंकर राय
केन्द्रीय मंत्री
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
शास्त्री भवन
नई दिल्ली । (अध्यक्ष)

2. सैयद नूरुल हसन
राज्य मंत्री
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
शास्त्री भवन
नई दिल्ली । (उपाध्यक्ष)

3. प्रो० डी०पी० यादव
उप-मंत्री
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
शास्त्री भवन
नई दिल्ली ।

4. प्रो० एस०वी० सी० अय्या
निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली ।

5. डा० दौलतसिंह कोठारी
अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान
आयोग,
नई दिल्ली ।

6. प्रो० एम०वी० माथुर
निदेशक
एशियाई शैक्षिक आयोजना
तथा प्रशासन संस्थान
नई दिल्ली ।

7. प्रो० शान्ति नारायण
कालेजों के शाखाध्यक्ष
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली ।

8. श्री एस० उदापाचार
मुख्य अध्यापक
नुरुपतुंग बहुद्देश्यीय उच्चतर
माध्यमिक विद्यालय
हैदराबाद ।

9. श्री डी०एस० बाजपेयी
प्रधानाचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
भारतीय टेक्नॉलॉजी संस्थान
कानपुर ।

10. संयुक्त निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली ।

11. डा० रवीन्द्र ह० दवे
अध्यक्ष
पाठ्यपुस्तक विभाग
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली ।

12. डा० मोहनचंद्र पंत
अध्यक्ष
विज्ञान शिक्षा विभाग
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली ।

13. श्री प्रभुदत्त शर्मा
प्रधानाचार्य
क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय
भुवनेश्वर ।

14. श्री टी० आर० जयरामन्
संयुक्त सचिव
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
नई दिल्ली ।

15. श्री ओ०पी० मोहला
वित्तीय सलाहकार (राष्ट्रीय शै० अ० और प्र०प०)
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
नई दिल्ली ।

16. सचिव
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली । **(सचिव)**

(ग) वित्त समिति

1. श्री टी० आर० जयरामन्
संयुक्त सचिव
शिक्षा तथा समाज कल्याण
मंत्रालय
नई दिल्ली । (अध्यक्ष)

2. प्रो० एस० वी० सी० अय्या
निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली ।

3. प्रो० एम० वी० माथुर
निदेशक
एशियाई शैक्षिक आयोजन और
प्रशासन संस्थान
नई दिल्ली ।

4. प्रो० शान्ति नारायण
कालेजों के शाखाध्यक्ष
दिल्ली विश्वविद्यालय

5. श्री ओ० पी० मोहला
वित्तीय सलाहकार
(रा० शै० अ० और प्र० परिषद्)
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
नई दिल्ली ।

6. सैयद ऐनुल आबेदीन
सचिव, रा० शै० अ० और प्र० प०
नई दिल्ली । (सचिव)

(घ) कार्यक्रम सलाहकार समिति

1. निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली। (अध्यक्ष)

2. संयुक्त निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली । (उपाध्यक्ष)

3. प्रो० एच० बी० मजूमदार
प्रधानाचार्य
विश्व भारती विश्वविद्यालय
डाकघर, शान्ति निकेतन ।

4. डा० डी० एम० देसाई
डीन
शिक्षा तथा मनोविज्ञान संकाय
एम० एस० यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा
बड़ौदा ।

5. श्रीमती एम० ए० ठंकम्मा
अध्यक्ष, शिक्षा विभाग
केरल विश्वविद्यालय
थाईकांड
त्रिवेन्द्रम ।

6. प्रो० वी० आर० तनेजा,
डीन तथा अध्यक्ष
शिक्षा विभाग
पंजाब विश्वविद्यालय
चण्डीगढ़ ।

7. प्रो० सी० एम० बैन्नूर
डीन तथा प्रधानाचार्य
विश्वविद्यालय शिक्षा कालेज
कर्नाटक विश्वविद्यालय
धारवाड़ ।

राज्य शिक्षा संस्थानों के निदेशक

8. डा० (कुमारी) ए० नंदा
निदेशक
राज्य शिक्षा संस्थान
दिल्ली।

9. डा० एन० के० उपासनी
निदेशक
राज्य शिक्षा संस्थान
एम० एस० सदाशिव पीठ
कुमठेकर रोड
पूना।

10. श्री एम० घोष
प्रधानाचार्य
राज्य शिक्षा संस्थान
वाणीपुर
डाकघर बैंगाची
जिला, 24 परगना।

11. श्री टी० आर० दीनदयाल
निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
6-2-688 चितलबस्ती
हैदराबाद।

12. बेगम एम० कुरेशी
निदेशक
राज्य शिक्षा संस्थान
श्रीनगर।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के कर्मचारी सदस्य

13. श्री० एस० एल० अहलूवालिया
अध्यक्ष
शिक्षण साधन विभाग
नई दिल्ली।

14. कर्मचारी प्रतिनिधि
क्षेत्रीय शिक्षा कालेज
अजमेर (रिक्त)

15. कु० अहल्या चारी
आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
नई दिल्ली।

16. डा० आर० सी० दास
प्रधानाचार्य
क्षेत्रीय शिक्षा कालेज
अजमेर।

17. डा० रवीन्द्र ह० दवे
अध्यक्ष
पाठ्यपुस्तक विभाग
नई दिल्ली।

18. कर्मचारी प्रतिनिधि
क्षेत्रीय शिक्षा कालेज
भोपाल (रिक्त)

19. डा० (कुमारी) एस० दत्त
रीडर
केन्द्रीय शिक्षा संस्थान
दिल्ली।

20. श्री० सी० वी० गोविन्द राव
स्थानापन्न प्रधानाचार्य
क्षेत्रीय शिक्षा कालेज
मैसूर।

21. डा० (कुमारी) ई० मार
रीडर
अध्यापक शिक्षा विभाग
नई दिल्ली।

22. डा० (श्रीमती) पेरीन एच० मेहता
प्रभारी अध्यक्ष
शैक्षिक मनोविज्ञान तथा शिक्षा
आधार विभाग
नई दिल्ली।

23. त्रिभुवन शंकर मेहता
प्रभारी अध्यक्ष
सामाजिक विज्ञान तथा
मानविकी विभाग
नई दिल्ली।

24. डा० रामगोपाल मिश्र
प्रभारी अध्यक्ष
आधार सामग्री प्रक्रिया तथा
शैक्षिक सर्वेक्षण एकक
नई दिल्ली।

25. डा० मोहनचंद्र पन्त
अध्यक्ष
विज्ञान शिक्षा विभाग
नई दिल्ली।

26. श्री० डी० एस० रावत
प्रभारी अध्यक्ष
पूर्व-प्राथमिक तथा प्राथमिक
शिक्षा विभाग
नई दिल्ली।

27. प्रो० पी० के० रॉय
प्रधानाचार्य
केन्द्रीय शिक्षा संस्थान
दिल्ली।

28. श्री निखिल कुमार सान्याल
क्षेत्रीय सलाहकार
विज्ञान शिक्षा विभाग
नई दिल्ली।

29. डा० आत्मानंद शर्मा
रीडर
शैक्षिक मनोविज्ञान तथा
शिक्षा आधार विभाग
नई दिल्ली।

30. श्री प्रभुदत्त शर्मा
प्रधानाचार्य
क्षेत्रीय शिक्षा कालेज
भुवनेश्वर।

31. श्री शंकर नारायण
रीडर
शिक्षण साधन विभाग
नई दिल्ली।

32. डा० जी० एस० श्रीकंतैया
प्रो० तथा अध्यक्ष
विज्ञान विभाग
क्षेत्रीय शिक्षा कालेज
भुवनेश्वर।

33. प्रो० जे० के० शुक्ल
प्रधानाचार्य
क्षेत्रीय शिक्षा कालेज
भोपाल।

(ड.) प्रकाशन सलाहकार समिति

1. प्रो० ए० मुजीब
उप-कुलपति
जामिया मिल्लिया इस्लामिया
नई दिल्ली।
(अध्यक्ष)

2. श्री एन० के० सुन्दरम
सहायक शिक्षा सलाहकार
प्रकाशक एकक
शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय
नई दिल्ली।

3. कुमारी अहल्या चारी
आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
नेहरू हाउस
बहादुर शाह जफ़र मार्ग
नई दिल्ली ।

4. श्री यू० आर० सियोले
निदेशक
पाठ्यपुस्तक उत्पादन एवं
पाठ्यक्रम ब्यूरो महाराष्ट्र राज्य
'सुरेख', विश्वविद्यालय मार्ग
पूना ।

5. श्री एम० पी० एन० शर्मा
प्रबन्धक संचालक
बिहार राज्य पाठ्यपुस्तक
कार्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेट
व्हाइट हाउस
बुद्ध मार्ग, पटना ।

6. श्री एन० नारायण राव
निदेशक
आंध्र प्रदेश पाठ्यपुस्तक प्रेस
मिन्ट कम्पाउंड
हैदराबाद ।

7. श्री ए० ई० टी० बैरो
सचिव
भारतीय स्कूल प्रमाण-पत्र
परीक्षा परिषद्
बी-27, पूर्वी निजामुद्दीन
नई दिल्ली ।

8. श्री डी० आर० मनकेकर
39, भारती नगर
नई दिल्ली ।

9. बेगम एम० कुरेशी
निदेशक
राज्य शिक्षा संस्थान
श्रीनगर ।

10. प्रो० सी० एस० बेन्नूर
डीन तथा प्रधानाचार्य
विश्वविद्यालय शिक्षा कालेज
कर्नाटक विश्वविद्यालय
धारवाड़ ।

11. श्री टी० एस० सदाशिवन
अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग,
मद्रास विश्वविद्यालय
मद्रास ।

12. श्री० टी० वी० थिमी गोडवा
पाठ्यपुस्तक निदेशक
30130-ए० कुमार पार्क
पश्चिम बंगलौर ।

13. श्री के० एल० बोर्डिया
अध्यक्ष
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
राजस्थान
अजमेर ।

14. श्री एस० एस० सोधी
अध्यक्ष
पंजाब स्कूल शिक्षा मण्डल
चण्डीगढ़ ।

15. श्री डी० एस० बाजपेयी
प्रधानाचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
भारतीय टैक्नॉलॉजी संस्थान
कानपुर ।

16. श्री निरंजन चक्रवर्ती
प्रभारी अध्यक्ष
प्रकाशन विभाग
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली (सदस्य-सचिव)

(च) विज्ञान सलाहकार समिति

1. डा० दौलतसिंह कोठारी
अध्यक्ष
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
नई दिल्ली। (अध्यक्ष)

2. डा० आर० सी० महरोत्रा
प्रोफेसर और अध्यक्ष
रसायन शास्त्र विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर।

3. डा० ए० एम० घोष
प्रोफेसर
बोस संस्थान
93/1, आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र रोड
कलकत्ता।

4. श्री आर० के० रथ
सचिव, उड़ीसा सरकार
शिक्षा विभाग
भुवनेश्वर।

5. प्रो० बी० वैंकटरामन
टाटा इंस्टीच्यूट आफ फंडामेंटल
रिसर्च
होमी भाभा रोड
बम्बई।

6. डा० ए० आर० वासुदेव मूर्ति
प्रोफेसर
निरिन्द्री और खनिज रसायन
विज्ञान
भारतीय विज्ञान संस्थान
बंगलौर-12।

7. डा० रईस अहमद
प्रोफेसर
भौतिकी विज्ञान विभाग
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
अलीगढ़।

8. डा० बी० एम० जौहरी
वनस्पति विज्ञान विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली।

9. श्री एम० उदापाचार
मुख्य अध्यापक
नरूपतुंग बहुद्देशीय उच्चतर
माध्यमिक विद्यालय
हैदराबाद।

10. प्रो० बी० आर० तनेजा
डीन तथा अध्यक्ष
शिक्षा विभाग
पंजाब विश्वविद्यालय
चंडीगढ़।

11. श्री एम० घोष
प्रधानाचार्य
राज्य शिक्षा संस्थान
बाणीपुर
डाकघर बैगाची
जिला 24 परगना।

12. डा० आर० सी० दास
प्रधानाचार्य
क्षेत्रीय शिक्षा कालेज
अजमेर।

13. डा० मोहनचंद्र पन्त
प्रधान
शिक्षा विज्ञान विभाग
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली। (सदस्य-सचिव)

(छ) निर्माण तथा काय समिति

1. प्रो० एस० वी० सी० अय्या
निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली। (अध्यक्ष)

2. श्री बी० रामा राव
निर्माण सर्वेक्षक अधीक्षक (1)
केन्द्रीय लोक-निर्माण विभाग
निर्माण-भवन
नई दिल्ली।

3. श्री बी० आर० गम्भीर
सहायक वित्तीय सलाहकार
वित्त मंत्रालय (कार्य)
निर्माण भवन
नई दिल्ली।

4. श्री जे० एम० बेंजामिन
ज्येष्ठ वास्तुक (1)
केन्द्रीय लोक-निर्माण विभाग
(परिषद् का परामर्शी वास्तुक)
निर्माण भवन
नई दिल्ली।

5. श्री ओ० पी० मोहला
वित्तीय सलाहकार
(राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्)
शिक्षा तथा समाज कल्याण
मंत्रालय
शास्त्री भवन
नई दिल्ली।

6. श्री टी० आर० जयरामन
संयुक्त सचिव
शिक्षा तथा समाज कल्याण
मंत्रालय
शास्त्री भवन
नई दिल्ली।

7. श्री एस० सी० वार्ष्णेय
उप-प्रधान प्रबंधक
दिल्ली बिजली पूर्ति निगम
राजघाट बिजलीघर
नई दिल्ली।

8. श्री एस० एम० हसनायन
कार्यपालक इंजीनियर (भवन)
दिल्ली नगर-पालिका निगम
टाउन हाल
नई दिल्ली।

9. प्रो० शान्ति नारायण
कालेजों के शाखाध्यक्ष
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली।

10. संयुक्त निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली।

11. सैयद ऐनुल आबेदीन
सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली। (सदस्य-सचिव)

(ज) स्थापना समिति

1. डा० दौलतसिंह कोठारी
अध्यक्ष
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
नई दिल्ली (अध्यक्ष)

2. प्रो० एस० वी० सी० अय्या
निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली (उपाध्यक्ष)

3. संयुक्त निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली।

4. श्री टी० आर जयरामन
संयुक्त निदेशक
शिक्षा तथा समाज कल्याण
मंत्रालय
नई दिल्ली।

5. श्री ओ० पी० मोहला
वित्तीय सलाहकार (परिषद्)
शिक्षा तथा समाज कल्याण
मंत्रालय
नई दिल्ली।

6. प्रो० शान्ति नारायण
कालेजों के शाखाध्यक्ष
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली।

7. प्रो० एस० पी० लूथरा
भारतीय टेक्नॉलॉजी संस्थान
नई दिल्ली।

8. डा० बी० एन० गांगुली
7-बी० हौज खास इनक्लेव
ईश्वर भवन
नई दिल्ली।

9. डा० बी० आर० शेषाचार
अध्यक्ष, प्राणि शास्त्र विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली।

10. सैयद ऐनुल आबेदीन
सचिव
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्
नई दिल्ली। (सदस्य-सचिव)

परिशिष्ट 2

1971-72 में हुई परिषद् और उसकी समितियों की बैठकों की कार्यवाहियों का सारांश

परिषद् की महासमिति की एक विशेष बैठक नई दिल्ली में 24 जनवरी 1972 को परिषद् के नियमों के नियम 3 और 23 के संशोधनों पर विचार करने और उनको स्वीकार करने के लिए हुई।

परिषद् की कार्यकारी समिति की प्रतिवेदन वर्ष में चार बैठकें 23 जून 1971, 28 जनवरी, 10 फरवरी और 4 मार्च 1972 को हुईं। इन बैठकों में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों का सारांश निम्नलिखित है :—

(1) कार्यकारी समिति ने परिषद् द्वारा पाठ्यपुस्तकों के प्रकाशन को जारी रखने और विभिन्न विषयों की पाठ्यपुस्तक-समितियों (नामिकाओं) की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

(2) कार्यकारी समिति ने परिषद् में एक कल्याण अधिकारी के पद की स्थापना की स्वीकृति दे दी।

(3) कार्यकारी समिति ने क्षेत्रीय शिक्षा सलाहकारों के कार्यालयों को राज्यों में फरवरी 1973 के अन्त तक चलाए जाने की अनुमति दे दी। इसने यह भी फैसला किया कि क्षेत्रीय सलाहकारों के कार्यालयों की बड़े राज्यों में स्थापना के लिए शीघ्र अति शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएँ ताकि राज्यों से संपर्क प्रभावी रूप से स्थापित किया जा सके।

(4) कार्यकारी समिति ने जनजातीय शिक्षा एकक के राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के पूर्व प्राथमिक तथा प्राथमिक शिक्षा विभाग में विलयन की स्वीकृति दी। इस एकक का वित्त-पोषण भारत सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जाता था।

(5) कार्यकारी समिति ने तरक्की-ए-उर्दू बोर्ड के सहयोग से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा उर्दू की पुस्तकों के प्रकाशन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

(6) कार्यकारी समिति ने यह फैसला किया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के कर्मचारियों को परिषद् की पुस्तकों की एक प्रति खरीदने पर थोक दर की छूट दी जाए।

(7) कार्यकारी समिति ने यह भी फैसला किया कि केन्द्रीय शिक्षा संस्थान को दिल्ली विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र 1972-73 से हस्तांतरित करने का हर संभव प्रयत्न किया जाना चाहिए।

(8) कार्यकारी समिति ने राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभिन्न विभागों और परिषद् के कार्यालय के अनुभागों में प्रति दिन की मजदूरी पर कार्य कर रहे कर्मचारियों के विशेष स्थापना परियोजना (एस० पी० ई०) के अन्तर्गत खपत के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। ज्येष्ठता और उसके आधार पर तरक्की के अतिरिक्त, एस० पी० ई० के स्टाफ को सप्ताहांत और दूसरी छुट्टियाँ और नियमित वेतन दर से वेतन आदि उसी प्रकार दिया जाएगा जैसा कि परिषद् के नियमित कर्मचारियों का मिल रहा है।

(9) कार्यकारी समिति ने यह फैसला किया कि वे सब उत्कृष्ट गुणों के प्रोफेसर जिन्होंने कम से कम पाँच वर्ष तक लगातार नौकरी की है, 1600 से 1800 रुपये के सेलैक्शन ग्रेड के पात्र होंगे। इस बात पर जोर दिया गया कि इस कार्य को करने के लिये एक कार्यविधि बनाना बहुत आवश्यक है ताकि केवल योग्य व्यक्तियों की ही सेलैक्शन ग्रेड में नियुक्ति की जा सके।

(10) कार्यकारी समिति ने चार वर्षीय भाषा पाठ्यक्रम समिति की रिपोर्ट को पूर्ण रूप से स्वीकार कर लिया और सरकार से लंबी अवधि के आधार पर कार्यवाही करने की सिफारिश की।

(11) मिनीस्टीरियल स्टाफ ऐसोसिएशन की माँगों पर विचार करते हुए कार्यकारी समिति ने परिषद् में अनुकंपा निधि की उत्पत्ति के लिए कार्यवाही करने की सिफारिश की।

(12) कार्यकारी समिति ने यह फैसला किया है कि जब कभी परिषद् की शैक्षणिक संस्थाओं में कार्य कर रहे किसी अध्यापक की शैक्षणिक सत्र में सेवा निवृत्त आयु हो जाती है तो ऐसे व्यक्ति की नौकरी स्वचालित रूप से शैक्षणिक सत्र की समाप्ति तक चालू रहेगी। समिति ने इस संबंध में उपयुक्त नियम बनाए जाने का सुझाव दिया।

परिषद् की वित्त समिति की इस वर्ष दो बैठकें 7 अगस्त और 5 नवंबर 1971 को हुई। पहली बैठक में इस समिति ने कार्यकारी समिति की कई समस्याओं पर सिफारिशें कीं जैसे शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन के डिप्लोमा पाठ्यक्रम

के संबंध में प्रश्न-पत्र बनाने और उत्तर-पुस्तकों के मूल्यांकन के लिए पारिश्रमिक की दरें स्थिर करना, अध्यापन सहायता विभाग की नाट्यशाला का प्रयोग करने वालों के लिए किराए की दर का स्थिर करना, केन्द्रीय स्कूलों को परिषद् की पाठ्य-पुस्तकें खरीदने पर विशेष प्रतिबंधों के साथ 15 प्रतिशत की छूट देने की अनुमति, विज्ञान क्लबों और विज्ञान मेलों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता देने की योजना का पुनः प्रवर्तन, अनुसंधान अध्येताओं के यात्रा-भत्ते और दैनिक-भत्ते की दरें बढ़ाकर परिषद् के प्रशिक्षकों को मिलने वाली दरों के बराबर करना । दूसरी बैठक में इस समिति ने परिषद् के 1971-72 के परिशोधित अनुमान तथा 1972-73 के बजट अनुमानों पर विशेष रूप से विचार किया । इस बैठक में इस समिति ने परिषद् द्वारा भविष्य में तैयार किए जाने वाले बजट के संबंध में मार्गदर्शी सुझाव दिए ।

इस वर्ष कार्यक्रम सलाहकार समिति की एक ही बैठक 17 और 18 सितम्बर 1971 को हुई । इस समिति ने 1971-72 के परिशोधित कार्यक्रम और राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभिन्न विभागों, क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों और केंद्रीय शिक्षा संस्थान के 1972-73 के प्रारूप प्रस्तावों पर विचार किया और उन्हें स्वीकृत किया । इस समिति ने कार्यकारी समिति द्वारा नए चारवर्षीय भाषा पाठ्यक्रम को क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में जारी रखने की स्वीकृति पर संतोष प्रकट किया और हर क्षेत्रीय महाविद्यालय से अंग्रेजी भाषा का एक-एक रीडर या प्रशिक्षक लेकर एक समिति बनाए जाने का सुझाव दिया जो अंग्रेजी भाषा के लिए नया चार वर्षीय अखंडित पाठ्यक्रम विकसित करे । इस समिति ने यह भी सुझाव दिया कि क्षेत्रीय महाविद्यालयों को चारवर्षीय भाषा राष्ट्रीय एकीकरण परियोजना के पाठ्यक्रम विकसित करने में मार्गदर्शन के लिए एक पाठ्यक्रम-समिति का गठन सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग द्वारा प्रस्तुत किया जाए । इस समिति की मूल्यांकन रिपोर्ट पर विचार किया गया और इसके अध्यक्ष को एक छोटी विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने का अधिकार दिया गया जो राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की इस परियोजना से संबंधित सभी मामलों पर सलाह देगी । इस समिति ने परिषद् द्वारा ग्रीष्मकालीन विज्ञान-संस्थानों के कार्यक्रमों की विभिन्न पहलुओं से जाँच करने के लिए श्री एम० वी० राजगोपाल की अध्यक्षता में नियुक्त मूल्यांकन समिति की बात को नोट कर लिया । इस समिति ने परिषद् द्वारा प्रायोगिक परियोजनाओं की कार्यप्रणाली की जाँच करने के लिए नियुक्त पिछली एक समिति की मूल्यांकन रिपोर्ट पर विचार किया । इस समिति ने यह सुझाव दिया कि सेकेंड्री स्कूलों, प्राथमिक स्कूलों और जूनियर अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं में 500 रुपये तक की प्रायोगिक परियोजनाओं को कार्यान्वित करने का उत्तरदायित्व क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों को हस्तांतरित कर दिया जाए । 500 रुपये से अधिक की सेकेंड्री स्कूलों, प्राथमिक स्कूलों और जूनियर अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं की सारी प्रायोगिक परियोजनाओं को क्षेत्रीय महा-

विद्यालय जांच और स्वीकृति के लिए अध्यापक शिक्षा विभाग और पूर्व-प्राथमिक तथा प्राथमिक शिक्षा विभाग को भेजेगा। इस समिति ने फिल्मों और फिल्मस्ट्रिपों को खरीदने से संबंधित सुझाव देने और फिल्मों के पूर्वनिरीक्षण के लिए विभिन्न समितियों (नामिकाओं) की सदस्यता की जाँच के लिए एक उप-समिति की स्थापना की। इस समिति ने विभिन्न उप-समितियों जैसे जी० ए० आर० पी० योजना उप-समिति, अनुसंधान उप-समिति, व्यावसायिक शैक्षिक संगठन उप-समिति, सेमिनारों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उप-समिति द्वारा दिए गए सुझावों की जाँच की और उनको स्वीकार किया। समिति ने अनुसंधान उप-समिति और सेमिनारों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उप-समिति को अनुसंधान और विकास परियोजना उप-समिति और कार्यक्रम उप-समिति के रूप में पुनः गठित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम सलाहकार समिति द्वारा कार्यकारी समिति को दिया गया एक महत्वपूर्ण सुझाव विज्ञान मेलों के आयोजन से संबंधित है। इस समिति ने यह भी सुझाव दिया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् विज्ञान मेलों के आयोजन का समर्थन करे और परिषद् स्वयं देश में विज्ञान-शिक्षा को फैलाने के लिए अखिल भारतीय विज्ञान मेलों का आयोजन करे।

परिशिष्ट 3

वर्ष 1970-72 के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की लेखा विवरणी

समेकित प्राप्तियाँ तथा भुगतान खाता

(संख्या रुपए में)

प्राप्तियाँ		भुगतान	
अल्पशेष	29,94,698-10	**योजनेतर व्यय**	
सरकार से सहायतार्थ अनुदान		(क) वेतन तथा भत्तों तथा	2,10,65,743-10
(क) रा० शै० अनु० प्रशि० परि०		कार्यक्रमों आदि पर व्यय	1,97,90,294-90
को सामान्य अनुदान	2,74,18,530-00	(ख) कर्ज तथा पेशगियाँ	6,16,380-00
(ख) विशेष अनुदान	27,86,543-00	घटाया वसूलियाँ 2,38,961-80	2,40,931-80
अन्य स्रोतों से अंशदान प्राप्तियाँ	8,000-00		3,75,448-20
(क) प्रकाशन आदि की बिक्री	28,32,961-58	योजना व्यय	1,08,684,79-27
(ख) अन्य प्राप्तियाँ	17,00,869-01	विशेष अनुदान में से व्यय	23,01,516-29
भविष्य निधियाँ	13,06,320-39	भविष्य निधि	6,54,071-40
अन्य विविध जमा रक़मों और	9,97,703-98	जमा रकमें और पेशगियाँ	19,23,494-75
पेशगियों से प्राप्तियाँ		इतिशेष	41,31,141-40
जोड़	4,00,45,444-06	जोड़	4,00,45,446-06

परिशिष्ट 4

कैम्पसों का विकास

(क) **राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान कैम्पस** :—टाइप (II) कैडर के 32 और टाइप (III) के 32 और निदेशक के बंगले का निर्माण जिनके लिए वर्ष 1970-71 में प्रशासकीय तथा वित्तीय स्वीकृति दी गई थी, अब पूरा होने वाला है। टाइप (I) के 32, टाइप (IV) के 16 और टाइप (V) के 8 क्वार्टरों जिनके निर्माण के लिए प्रशासकीय तथा वित्तीय स्वीकृति वर्ष 1970-71 में दी गई थी, उनका निर्माण कार्य 1971-72 में प्रारम्भ नहीं किया जा सका।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान कैम्पस में खाली पड़ी ऊबड़-खाबड़ जमीन को, जिस पर झाड़ियाँ उग आई थीं, प्रतिवेदन वर्ष में समतल किया गया। अब इसको ठीक-ठाक करने का कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को सौंपने का प्रस्ताव है ताकि आस-पड़ोस सुन्दर लग सके।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन० आई० ई०) कैम्पस में दिल्ली नगर निगम द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था 4 दिसंबर 1971 से हो गई। ट्यूबवैल के पानी को, जो पीने के योग्य नहीं था और जिसका प्रयोग गुसलखानों में किया जाता था, बन्द कर दिया गया और उसकी जगह नगर निगम का पानी प्रयोग किया जाता है। ट्यूबवैल का पानी अब बागवानी के लिए प्रयोग किया जाता है।

प्रतिवेदन वर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान कैम्पस में ऊँचे हौज के निकट छने जल को इकट्ठा करने के लिए भूमि के भीतर 40,000 गैलन क्षमता वाले टैंक का निर्माण-कार्य पूरा हो गया। इसके अलावा भूमि के भीतर बने टैंक के निकट पम्प भी लगाए गए हैं ताकि इस टैंक के छने पानी को ऊँचे बने हौज में पहुँचाया जा सके।

कार, साइकिल और स्कूटर रखने के शेड का निर्माण-कार्य 1971-72 के वित्तीय वर्ष के अन्त में प्रारम्भ किया गया। कुछ ही महीनों में इस कार्य के पूरा होने की संभावना है।

(ख) **क्षत्रीय शिक्षा महाविद्यालय के कैम्पस** :—जहाँ तक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के कैम्पसों के विकास का संबन्ध है, इसका मुख्य कार्य पूरा हो गया है। प्रतिवेदन वर्ष में महाविद्यालयों में कर्मचारियों के लिए निवास भवनों के निर्माण करवाने की माँग को पूरा करने के लिए विशेष महत्व दिया गया। यह फैसला किया गया कि अब से क्षेत्रीय महाविद्यालयों के भवनों के अनुरक्षण और नए निर्माण कार्यों को राज्य लोक निर्माण विभाग की बजाए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सुपुर्द कर दिया जाए।

परिशिष्ट 5

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान पुस्तकालय

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन० आई० ई०) के नई दिल्ली स्थित कैम्पस में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान का एक काफी बड़ा पुस्तकालय है। यह पुस्तकालय विशेष रूप से राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभिन्न विभागों के अनुसंधान कर्मचारियों की आवश्यकताओं का पूर्ति करता है। इसके उपयोग कर्ताओं में वे लोग भी सम्मिलित हैं जो दूसरे अनुसंधान और शैक्षणिक संगठनों में कार्य करते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान कैम्पस में सारे वर्ष आयोजित सेमिनारों और कर्मशालाओं आदि में आए राज्य स्तर के प्रतिनिधियों और अध्यापक प्रशिक्षकों द्वारा भी पुस्तकालय का प्रयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त यह पुस्तकालय बहुत सी स्थानीय संस्थाओं को अन्तर-पुस्तकालय उधार सुविधाएँ भी प्रदान करता है।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान पुस्तकालय में लगभग एक लाख पुस्तकें और लगभग चार हजार पत्र-पत्रिकाओं के जिल्द बँधे हुए अंक हैं। इनमें लगभग 280 पत्र-पत्रिकाएँ भारतीय तथा विदेशी हैं जो वार्षिक चन्दा देकर प्राप्त की जाती हैं और लगभग 75 बिना मूल्य के प्राप्त होती हैं।

उपयोग कर्ताओं की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान पुस्तकालय हर मास शैक्षणिक विचार धाराओं संबन्धित विषयों पर लगभग 150 नई पुस्तकें खरीदता है।

प्रतिवेदन वर्ष में लगभग 2,500 नई पुस्तकें पुस्तकालय में बढ़ाई गईं। इन नई पुस्तकों की एक सूची राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के सब विभागों में घुमाई गई।

वर्ष 1971-72 में पुस्तकालय के हॉल और संदर्भ कक्ष की भीड़ की समस्याओं और अध्ययन कक्ष में बैठने की जगह को बढ़ाने के लिए तथा पुस्तकालय की सेवाओं को बढ़ाने के लिए 56,000 रुपये से कुछ अधिक मूल्य का फर्नीचर और उपकरण खरीदा।

पुस्तकालय का स्थान, उपयुक्त फर्नीचर और उपकरण आदि की कमी की समस्याओं का सामना करने और उनका समाधान करने के लिए पिछले वर्ष जिस राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान पुस्तकालय समिति की, जिसको केशवन समिति भी कहते हैं, नियुक्ति की गई थी, उसने अपनी रिपोर्ट दे दी है। इस समिति ने पुस्तकालय खंड की डिजाइन, उसकी भू सम्पत्ति और पुस्तकालय स्टाफ की आवश्यकताओं और उनकी वेतन-दरों के संबन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

परिशिष्ट 6

पाठ्यक्रम विकास

वर्ष 1971-72 में पाठ्यक्रम विकास के क्षेत्र में की गई प्रगति का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है।

1. विज्ञान और गणित :

1·01 प्राथमिक स्कूल स्तर पर विज्ञान :—विज्ञान में स्कूल स्तर के पाठ्यक्रम विकास का लक्ष्य बच्चों के क्रियात्मक सहयोग से विज्ञान शिक्षण को सुधारना है। इस प्रयत्न में 'उत्पादन' की अपेक्षा विज्ञान की 'प्रक्रिया' पर जोर दिया गया है। प्रतिवेदन वर्ष में कक्षा पाँच के लिए 'साइन्स इज डूइंग' पाठ्यपुस्तक लिखी गई, सम्पादित की गई और उसकी अनेक प्रतिलिपियाँ तैयार की गई। ये प्रतिलिपियाँ आंध्र प्रदेश, मैसूर, केरल, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, जम्मू और कश्मीर राज्यों को ग्रहण/अनुकूलन और क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने और छापने के लिए भेजी गई। इस वर्ष विज्ञान शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत इस पाठ्यपुस्तक की हिन्दी अंग्रेजी पांडुलिपियाँ प्रेस को भेजी गई। इस पाठ्यपुस्तक के चित्र के आर्टपुल राज्यों में छप रहे क्षेत्रीय भाषाओं की पुस्तकों के लिए भेजे गए। इसकी अध्यापक दर्शिका की पांडुलिपि भी अंग्रेजी में तैयार की गई और उसका हिन्दी में अनुवाद किया गया। कक्षा तीन और चार की एक और पाठ्यपुस्तक 'मूल्यांकन विवरणिका' की प्रतियाँ राज्यों को उनके सुपरवाइजरों के स्कूल-निरीक्षण के समय प्रयोग करने के लिए भेजी गई।

1·02 माध्यमिक विज्ञान शिक्षा परियोजना (यूनेस्को सहायता प्राप्त) :—यह एक चालू परियोजना है। प्रतिवेदन वर्ष में माध्यमिक स्कूल स्तर के पहले वर्ष के लिए विज्ञान के विभिन्न विषयों के पहले पाठ्यक्रमीय सामग्री प्रारूप विकसित किए गए और उनको छपने योग्य बनाया गया। मिडिल स्कूल स्तर के दूसरे वर्ष के लिए सारे विज्ञान विषयों की पाठ्यक्रमीय सामग्री को संशोधित किया गया और छापा गया। इसी स्तर के तीसरे वर्ष के लिए पाठ्यपुस्तकें छपने योग्य की गई। इस संबंध में किए गए कार्य का विषयानुसार विस्तृत वर्णन निम्नलिखित है :—

भौतिकी :—कक्षा नौ के लिए 'भौतिकी भाग एक' पाठ्यपुस्तक लिखी गई। उसकी प्रतिलिपियाँ तैयार की गई और राज्यों को टिप्पणी के लिए भेजी गई। प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर चित्रों को छोड़कर इसको संशोधित किया गया और छपने योग्य बनाया गया। कक्षा 10 की 'भौतिकी भाग दो' के चार अध्यायों का प्रारूप तैयार किया गया और पहला अध्याय लिखा भी गया। कक्षा 7 की पाठ्यपुस्तक संशोधित कर छापी गई और कक्षा 8 की पाठ्यपुस्तक संशोधित की गई और उसका हिन्दी अनुवाद करके प्रेस को छपने के लिए भेजा गया। कक्षा 6 और 8 की अध्यापक दर्शिकाएँ पूर्णतः संशोधित की गई। कक्षा 6 और 7 के लिए किट गाइड, जिनमें कुछ प्रयोगों के संबंध में छोटे लेख भी हैं, मिम्योग्राफ करके वितरण के लिए तैयार किया गया। कक्षा 7 और 8 के लिए प्रदर्शन किट और उनके आदर्श रूप तैयार किए गए।

रसायन विज्ञान :—कक्षा 9 की पाठ्यपुस्तक के छः अध्यायों के प्रारम्भिक प्रारूप तैयार किए गए जिनमें से तीन को सम्पादकीय समिति ने अंतिम रूप दिया। मिडिल कक्षाओं की 'रसायन विज्ञान' पाठ्यपुस्तक के भाग एक और दो के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरों को पुनः मुद्रण के लिए संशोधित किया गया। संशोधित पाठ्यपुस्तक के आधार पर 'रसायन विज्ञान भाग एक' की नई अध्यापक दर्शिका तैयार की गई, और उसको अंतिम रूप देकर छापा गया। रसायन विज्ञान प्रदर्शन किट तैयार और मिम्यूग्राफ किया गया। मिडिल स्कूल स्तर की 'रसायन विज्ञान' के आदर्श रूप विकसित किए गए और उनको अंतिम रूप दिया गया।

जीव विज्ञान :—कक्षा 9 के लिए जीव विज्ञान की पाठ्यपुस्तक लिखने का कार्य चालू है। मिडिल स्कूल स्तर की 'जीव विज्ञान भाग एक' और 'जीव विज्ञान भाग दो' पाठ्यपुस्तकों को संशोधित किया गया और छपने भेजा गया। जीव विज्ञान किट के लिए अनुदेशीय पुस्तिका को अंतिम रूप दिया गया और मिम्यूग्राफ किया गया।

गणित :—देश के विभिन्न भागों से प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर कक्षा 6 की अंकगणित की पाठ्यपुस्तक और उसकी अध्यापक दर्शिका को संशोधित किया गया। कक्षा 8 की 'अंकगणित' के प्रारूप को संशोधित किया गया और 'अंकगणित-बीजगणित भाग एक' और 'अंकगणित-बीजगणित भाग दो' की अध्यापक दर्शिकाएँ तैयार की गई। कक्षा 9 के लिए अंकगणित और रेखागणित के प्रथम प्रारूप तैयार किए गए और विशेषज्ञों के साथ इस संबंध में विचार-विमर्श किया गया। श्रव्य-दृश्य सहायता प्रदर्शन किट और प्रयोगशाला किट तैयार किए जा रहे हैं। कक्षा दो के लिए "इन्साइट इन्टु मैथेमेटिक्स भाग दो" का पहला प्रारूप तैयार कर लिया गया है।

1.03 विज्ञान शिक्षा (अध्ययन दल) के विकास के लिए व्यापक योजना :— 1971-72 अध्ययन दलों के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष था। जीव विज्ञान और रसायन-विज्ञान अध्ययन दलों ने स्कूल स्तर के लिए पाठ्यपुस्तकें और अध्यापक दर्शिकाएँ बनाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। संयोजक अध्ययन दल के अतिरिक्त, इन दो विषयों के सभी अध्ययन दलों ने एक अप्रैल 1971 से काम बंद कर दिया। जयपुर का भौतिकी अध्ययन दल एक अप्रैल 1972 को समाप्त कर दिया गया। इस विषय के शेष चार अध्ययन दलों ने, जो दिल्ली, कलकत्ता, नागपुर और देहरादून में कार्य कर रहे हैं, सहयोगिक प्रयत्नों से उपयोगी सामग्री तैयार करने का फैसला किया। मैकैनिक्स के अतिरिक्त हाई स्कूल स्तर के पहले वर्षों के लिए पाठ्यपुस्तक विकसित की गई और उसके प्रारूप को अंतिम रूप दिया जा रहा था। मिडिल स्कूल स्तर की 'भौतिकी भाग तीन' को छपने के लिए भेज दिया गया। रसायन विज्ञान में मिडिल स्कूल स्तर के लिए पाठ्यक्रम सामग्री और, हाई स्कूल स्तर के पहले वर्ष के लिए पाठ्यक्रम और प्रयोगशाला पुस्तिका छापी गई। हाई स्कूल स्तर के पहले वर्ष के लिए रसायन विज्ञान की अध्यापक दर्शिका छपने के लिए प्रेस में भेजी गई और इसी विषय में हाई स्कूल स्तर के दूसरे और तीसरे वर्षों के लिए प्रयोगशाला पुस्तिका को प्रेस योग्य बनाया गया। हाई स्कूल स्तर के अंतिम दो वर्षों के लिए रसायन विज्ञान की अध्यापक दर्शिका विकसित करने का कार्य जारी था और जल्द ही इसको समाप्त करने की आशा थी। डा० जे० एन० कपूर के मेरठ विश्वविद्यालय के उप-कुलपति बन जाने से उनकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए मेरठ में एक गणित का अध्ययन दल प्रारंभ करने का निश्चय किया गया। इस नए गणित के अध्ययन दल ने प्रतिवेदन वर्ष में अधिकतर हाई स्कूल स्तर के पहले और दूसरे वर्षों के लिए सामग्री विकसित की। अब तक मिडिल स्कूल की रेखागणित की तीन और बीजगणित की दो पुस्तकें छापी जा चुकी हैं। तीसरी पुस्तक की छपाई जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा रेखागणित की पहली और दूसरी पुस्तक की अध्यापक दर्शिका छापी गई और अंकगणित-बीजगणित की दूसरी और तीसरी पुस्तकों की अध्यापक दर्शिका छपने के लिए प्रेस भेजी गई। पाठ्यक्रमीय सामग्री को राज्य के विज्ञान शिक्षा संस्थानों और अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों को टिप्पणी के लिए भेजा गया। टिप्पणियाँ प्राप्त होने पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

1.04 स्कूल स्तर पर विज्ञान शिक्षण को दृढ़ करने के लिए यूनेस्को-यूनीसेफ सहायता प्राप्त मार्गदर्शी परियोजना :— अप्रैल 1967 में यूनेस्को-यूनीसेफ के साथ शिक्षा मंत्रालय के हुए समझौते के अंतर्गत सारे देश में स्कूल स्तर पर विज्ञान शिक्षण को सुधारने और बढ़ाने के लिए स्कूल वर्ष 1970 के शुरू से एक परियोजना प्रारंभ की गई। वर्ष 1971-72 तक सभी राज्य और तीन संघ क्षेत्र इस परियोजना को अपने चुने हुए 50 प्राथमिक और 30 मिडिल स्कूलों में कार्यान्वयन के लिए सहमत हो गए हैं। प्रतिवेदन वर्ष में परिषद् ने यूनीसेफ के नई दिल्ली स्थित अधिकारियों से संपर्क रख कर कार्य किया और भाग ले रहे सभी राज्यों और संघ क्षेत्रों में इस

अभियान परियोजना के कार्यान्वयन में उनकी सहायता की। परिषद् द्वारा विकसित अनुदेश सामग्रियाँ (पाठ्य पुस्तकें और पाठ्यक्रम के साथ अध्यापक दर्शिकाएँ) राज्यों के ग्रहण/अनुकूलन और क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद के लिए और प्रायोगिक स्कूलों में प्रयोग के लिए भेजी गईं। इन सामग्रियों के हिन्दी अनुवाद परिषद् द्वारा सीधे हिन्दी भाषी राज्यों को भेज दिए गए। नए विज्ञान पाठ्यक्रम के आधार पर पढ़ाने के लिए प्रयोगात्मक स्कूलों द्वारा उपयोग के लिए परिषद् ने विज्ञान उपकरण किट के नमूने भी दिए। परिषद् ने राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थानों के मुख्य कार्मिकों के लिए अभिनव पाठ्यक्रमों का आयोजन किया जिनको बाद में अपने-अपने राज्यों के प्रयोगात्मक स्कूलों के अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करना था। इसके अतिरिक्त परिषद् ने इस परियोजना के अंतर्गत 100 अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों और 400 अध्यापक प्रशिक्षण स्कूलों को यूनीसेफ उपकरण बाँटने की व्यवस्था की। 500 अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों को भेजे गए उपकरण का लगभग कुल मूल्य 95 लाख रुपये था। प्रतिवेदन वर्ष में बम्बई और मद्रास बंदरगाहों पर यूनीसेफ से कवर और टैक्स्ट कागज प्राप्त हुआ। आवरण कागज शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय के आदेशानुसार राज्यों को वितरित कर दिया गया। शेष आवरण कागज आगे वितरित होने तक नई दिल्ली में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के प्रकाशन एकक के गोदाम में रखा गया है। इसी प्रकार बम्बई बंदरगाह का शेष टैक्स्ट कागज नई दिल्ली में प्रकाशन एकक के गोदाम में और मद्रास बंदरगाह का शेष टैक्स्ट कागज क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में संबंधित राज्यों को वितरित करने तक रखा गया है। यूनीसेफ से प्राप्त आवरण कागज का मूल्य लगभग 6·25 लाख रुपये और टैक्स्ट कागज का लगभग 56 लाख रुपये है।

1·05 विज्ञान में पूरक पठन सामग्री का उत्पादन :—प्रतिवेदन वर्ष में, विज्ञान में पूरक पठन सामग्री तैयार करने का कार्य चालू रहा। इस कार्यक्रम की प्रगति का विवरण निम्नलिखित है :—

1. पुस्तकें जिनको छपने के लिए प्रेस में भेजा गया :—

(1) दि बर्ड माइग्रेशन

(2) ए० बी० सी० ऑफ एटम

(3) मेघनाद साहा का जीवन और कार्य

(4) फाइट अगेंस्ट डिज़ीजेज़-कैमोथ्रपी

(5) प्लांट वाइरेसस

(6) आवर एग्रीकल्चर

(7) दि स्पाइसेस

(8) मैनमेड फॉरेस्ट

(9) बायलौजिकल फ्लास्क

2. पुस्तकें जो छपाई की प्रूफ स्थिति तक पहुँची :—

(1) दि स्टोरी ऑफ ट्रांस्पोर्ट

(2) आवर ट्री नेबर्स

(3) मेरीन प्लांट्स

(4) माइक्रोब्स

(5) मैडिसिनल प्लांट्स

3. पांडुलिपियाँ जो स्वीकृति के अंतिम चरण पर पहुँचीं :—

(1) दि स्टोरी ऑफ ग्लास

(2) दि स्टोरी ऑफ ऑयल

(3) एनीमल्स विदआउट बैकबोन

4. पांडुलिपियाँ जो अस्वीकृत कर दी गईं :—

(1) दि रिडिल ऑफ लाइफ

(2) पावर फ्रॉम वाटर

शेष 30 पुस्तकों में से 10 के पांडुलेख तैयार हो गए और उनको या तो समीक्षकों को भेज दिया गया या समीक्षा उपरांत संवर्द्धन के लिए लेखकों को भेज दिए गए।

1·06 विज्ञान किटों का उत्पादन :—परिषद् की केन्द्रीय विज्ञान कर्मशाला ने नए वैज्ञानिक उपकरणों के आवश्यक आदर्श तैयार करके तथा यूनेस्को-यूनीसेफ सहायता प्राप्त अभियान परियोजनाओं के कार्य का उत्तरदायित्व लेकर भी विज्ञान के पाठ्यक्रम विकास कार्यक्रमों में सहायता देना जारी रखा। प्रतिवेदन वर्ष में मिडिल स्कूल स्तर के अंतिम वर्ष के लिए भौतिकी प्रदर्शन किट नं० III विकसित किया गया। इसके साथ-साथ इस स्तर के लिए भौतिकी किट श्रृंखला पूरी हो गई। प्रकाश, चुम्बकीयता और विद्युत के विषय क्षेत्रों पर तात्कालिक उपकरण विकसित किए गए। एक आदर्श रूप विकसित किया गया और उसका प्रयोगशाला में परीक्षण किया गया। इस नमूने के आधार पर 74 वस्तुओं से युक्त 600 किट बक्से प्रयोगात्मक स्कूलों को वर्ष 1972-73 में देने के लिए तैयार किए जाएँगे। किट बक्से की छत इतनी चौड़ी होगी कि ग्रामों के स्कूलों में जहाँ अलग से मेजें नहीं हैं, इसका

प्रदर्शन-मेज के रूप में प्रयोग किया जा सकेगा। किट को रखने में कोई समस्या नहीं होगी क्योंकि उसे कमरे के एक कोने में रखा जा सकता है। छात्र भौतिकी किट नं० III भी विकसित किए गए। छात्र-किट में बहुत सी वस्तुएँ ऐसी हैं जिनका प्रयोग छात्र स्वयं कर सकते हैं। एक समय में 45 छात्र एक साथ इस किट का उपयोग कर सकते हैं। छात्र अपनी आवश्यकता के अनुसार एक या दो दलों में विभक्त हो कर कार्य कर सकते हैं। छात्रों को रसायन विज्ञान परीक्षण की उपयुक्त सुविधाएँ प्रदान करने के लिए एक विशेष किट (मिडिल स्कूलों के रसायन विज्ञान प्रदर्शन किट का पूरक किट) विकसित किया गया। दो या दो से अधिक छात्र एक ही साथ इस पर कार्य कर सकते हैं। यह किट 37 वस्तुओं से युक्त एक छोटे अल्यूमिनियम बक्से में है। यह किट इस ढंग से बनाया गया है कि गाँव के स्कूलों में जहाँ अलग से मेजें नहीं हैं, इसका प्रदर्शन-मेज के रूप में प्रयोग किया जा सकेगा। किट को रखने में कोई समस्या नहीं होगी क्योंकि उसे कमरे के एक कोने में रखा जा सकता है। विज्ञान शिक्षण की यूनेस्को-यूनीसेफ-सहायता प्राप्त मार्गदर्शी परियोजना के अंतर्गत निम्नलिखित प्रकार के छः छः सौ किट 1971-72 वर्ष में परिषद् की केन्द्रीय विज्ञान कर्मशाला में तैयार किए गए :—

1. भौतिकी प्रदर्शन किट नं० II
2. रसायन विज्ञान किट मिडिल स्कूलों के लिए
3. मिडिल स्कूलों के लिए जीव विज्ञान किट

इसके अतिरिक्त भौतिक अध्ययन दल के 15 किट कर्मशाला में तैयार किए गए। यह किट एक राज्य के प्रमुख संस्थानों और प्रयोगात्मक स्कूलों में प्रयोग के लिए भेजे गए।

1.07 विज्ञान शिक्षा के लिए अनुदेश सामग्री केन्द्र :—प्रतिवेदन वर्ष में विज्ञान शिक्षा के अनुदेश सामग्री केन्द्र ने स्कूल विज्ञान ज्ञान को एकत्रित करने और प्रचार करने का कार्य जारी रखा। इस केन्द्र द्वारा किए गए कार्यों का वर्णन निम्नलिखित हैं :—

1. प्रदर्शित सामग्री को अच्छा और भावपूर्ण बनाने के लिए उसका पुनः गठन।
2. जर्मन लोकतांत्रिक गणराज्य से विज्ञान सामग्री और अध्यापन सहायताओं की प्राप्ति।
3. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान कैम्पस, भुवनेश्वर, बालभवन और राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली में विज्ञान प्रदर्शनियों का आयोजन, और
4. भुवनेश्वर में विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन के अवसर पर पुस्तिकाओं की तैयारी।

केन्द्र ने इस वर्ष विज्ञान पत्रिकाएँ और दूसरी सेकेंड्री विज्ञान सामग्रियाँ 24 अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से विनिमय आधार पर प्राप्त कीं । इस वर्ष राज्यों के अध्यापक शिक्षकों, स्कूल निरीक्षकों, वैज्ञानिक पर्यवेक्षकों, वैज्ञानिक परामर्शदाताओं, विशिष्ट व्यक्तियों और विदेशी विद्वानों द्वारा केन्द्र का निरीक्षण हुआ । राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विज्ञान शिक्षा विभाग में प्राथमिक विज्ञान केन्द्र की स्थापना की ओर प्रगति हुई है । किट के उपकरण के आधार पर कार्यकलापों के प्रदर्शन के साथ प्राथमिक विज्ञान अनुदेश सामग्री के विकास की विभिन्न अवस्थाओं और तात्कालिक उपकरणों को केन्द्र में प्रदर्शित किया गया है ।

1·08 **आनुषंगिक पाठ्यक्रम परियोजना** :—प्राथमिक विज्ञान के शिक्षण और तत्वज्ञान के नए प्रयास को समझाने के लिए इस परियोजना के अन्तर्गत अंग्रेजी में "साइन्स इज डूइंग" फिल्म तैयार की गई । यूनेस्को-यूनीसेफ सहायता प्राप्त अभियान परियोजा के अंतर्गत राज्यों को वितरित करने के लिए हिन्दी में फिल्म तैयार की गई जिनका प्रयोग अध्यापक प्रशिक्षण स्कूलों में होगा । प्राथमिक विज्ञान पर दूसरी फिल्म "रांक्स, एवावेल्स उ ंड मिनिरेल्स" का खाका तैयार किया गया और उस पर विचार विमर्श किया गया । तीसरी फिल्म "टीचिंग ऑफ एलीमेन्ट्री फिजिक्स टुडे" की शूटिंग का पांडुलेख लगभग तैयार हो गया था । इस फिल्म का उद्देश्य मिडिल स्कूल स्तर पर नए शैक्षणिक प्रौद्योगिकी की प्रभावता पर प्रकाश डालना है ।

प्रतिवेदन वर्ष में प्राथमिक विज्ञान शिक्षण और भौतिकी शिक्षण पर दो स्लाइडें तैयार की गईं और उनकी प्रतियाँ समस्त देश में लगभग 100 अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं को भेजा गया । मिडिल स्कूल स्तर के हर वर्ष के लिए विज्ञान के प्रत्येक विषय पर दो फिल्म स्ट्रिपें और 20 स्लाइडें तैयार करने के कार्यक्रम की योजना बनाई गई । मिडिल स्कूल भौतिकी और जीव विज्ञान पर बनाई गई 20 और 30 स्लाइडों के लिए एक शूटिंग पांडुलेख तैयार किया गया ।

भौतिकी में द्रव्य के दबाव पर बनाई जाने वाली फिल्मस्ट्रिप लगभग पूरी हो चुकी थी और गणित फिल्मस्ट्रिप बनाने का कार्य चालू हो गया था । मिडिल स्कूल भौतिकी की फिल्मस्ट्रिप "स्ट्रक्चर ऑफ मैटर" का शूटिंग पांडुलेख तैयार किया गया ।

कक्षा तीन और चार के लिए बनाए गए पाठ्य पुस्तक मूल्यांकन पुस्तिका की प्रतिलिपियाँ तैयार करके राज्यों को वहाँ के निरीक्षकों के स्कूल निरीक्षण के समय प्रयोग करने के लिए भेज दी गयीं । इसी प्रकार की पुस्तिकाएँ कक्षा 6 की भौतिकी और जीव विज्ञान और कक्षा 8 की भौतिकी और रसायन विज्ञान के लिए तैयार की गईं । सचित्र किट गाइड्स भी तैयार की गईं और उनकी मिम्योग्राफ प्रतियाँ विज्ञान शिक्षण की यूनेस्को-यूनीसेफ सहायता प्राप्त अभियान परियोजना के अंतर्गत प्रयोगात्मक स्कूलों को भेजी गईं । फरवरी 1973 में मनाई जाने वाली

कापरनिकसर शताब्दी के लिए 'कापरनिकस' पर एक पुस्तिका बनाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है।

2. सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी

2·01 सामाजिक अध्ययन :—अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए सामाजिक अध्ययन की एक विस्तृत हस्तपुस्तिका को अंतिम रूप दिया गया। इसकी पांडुलिपि प्रेस भेजने के लिए तैयार थी। उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के लिए सामाजिक अध्ययन की पाठ्यपुस्तक के दूसरे भाग के तैयार करने के कार्य में प्रगति हुई। कक्षा 1 से 12 तक के लिए सामाजिक अध्ययन के लिए पाठ्यक्रम प्रारूप को संशोधित किया गया। परिषद् ने आई० आई० टी० कानपुर के प्रयोगात्मक स्कूल के सहयोग से सामाजिक अध्ययन कक्षा एक से पाँच तक की अभ्यास पुस्तिकाएँ तैयार कीं।

2·02 इतिहास :—वर्तमान में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विश्व इतिहास विषय को पढ़ाए जाने की प्रवृत्ति नजर आ रही है। बहुधा इस पाठ्यक्रम के गठन का कोई तार्किक आधार नहीं होता है। इस विषय के शिक्षण के उचित ऐतिहासिक संदर्श को निश्चित करने के लिए परिषद् ने 1971-72 में विश्व इतिहास पर एक परियोजना का आयोजना किया। इस परियोजना का उद्देश्य विश्व इतिहास पाठ्यक्रम का उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के लिए गठन करना है। इसके लिए अध्ययन योजना और विषयसूची के विभिन्न एककों का विशेष तार्किक ढंग से विस्तार में कार्य होता है। इस पाठ्यक्रम को लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय कर्मशाला में तैयार किया गया और अंतिम रूप दिया गया। एक वर्किंग ग्रुप द्वारा मिडिल स्तर के इतिहास के अध्यापकों के लिए एक हस्तपुस्तिका का खाका तैयार किया गया। इस वर्किंग ग्रुप ने इस हस्तपुस्तिका के कुछ अध्यायों को विचार विमर्श के बाद अंतिम रूप दिया। कक्षा 8 के लिए इतिहास की पाठ्यपुस्तक 'आधुनिक भारत' को तैयार और मुद्रित किया गया। सेकेंड्री स्तर पर इतिहास शिक्षण में विद्यार्थियों के भाग लेने पर हुए एक अखिल भारतीय सेमिनार की अनुवर्ती कार्य. वाही के अनुसार एक पुस्तिका तैयार करने का कार्य इस वर्ष भी चालू रहा। इस पुस्तिका की पांडुलिपि जल्दी ही प्रेस को भेज देने की सम्भावना है। सेकेंड्री स्कूलों के इतिहास के अध्यापकों के लिए तैयार की गई हस्तपुस्तिका के कुछ अध्यायों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद किया गया।

2·03 नागरिक शास्त्र :—उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के लिए नागरिक शास्त्र के पाठ्यक्रम को नवम्बर 1971 में हुई एक कर्मशाला में विकसित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम प्रारूप को एक समीक्षा के सामने अंतिम रूप देने के लिए रखा गया। पांडुलिपि को जल्दी ही प्रेस भेजने की संभावना है। नागरिक शास्त्र विषय के अनुभवी व्यक्तियों की एक समीक्षा दल ने जून-जुलाई 1971 में हुई एक

बैठक में कक्षा 8 की नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तक 'स्वतंत्र भारत' की पांडुलिपि की समीक्षा की। समीक्षा दल की रिपोर्ट के आधार पर इस पांडुलिपि को राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग में अंतिम रूप दिया गया। इस पांडुलिपि को बाद में छपने के लिए भेज दिया गया। इस पुस्तक के साथ ही मिडिल स्कूल स्तर की नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तकों के तैयार करने का कार्य पूरा हो गया।

2·04 भूगोल :—कक्षा 8 की भूगोल पाठ्यपुस्तक 'यूरोप और भारत' के हिन्दी और अंग्रेजी अनुवाद की पांडुलिपियाँ गत वर्ष ही तैयार कर ली गई थीं। प्रतिवेदन में इसके चित्र बनाने और छापने का कार्य पूरा कर लिया गया। इस पुस्तक का हिन्दी अनुवाद अगस्त 1971 में छप गया। अंग्रेजी संस्करण का कार्य अंतिम चरण पर था और उसके जल्दी मुद्रित हो जाने की सम्भावना थी।

2·05 अर्थशास्त्र :—नवम्बर 1971 में आयोजित एक कर्मशाला में सेकेंड्री स्कूलों के लिए एक अर्थशास्त्र अध्यापक दर्शिका की सामग्री विकसित की गई और उसको अंतिम रूप दिया गया।

2·06 मातृ भाषा :—उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं की हिन्दी गद्य और पद्य की नई पाठ्यपुस्तकों (काव्य भारती और गद्य भारती) के अंतिम प्रारूप को तैयार किया गया और अब उनकी पांडुलिपि प्रेस के लिए तैयार है। सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग द्वारा तैयार की गई हिन्दी की नई प्रवेशिका टिप्पणी के लिए पाठ्यपुस्तक विभाग को भेज दी गई। टिप्पणियाँ प्राप्त हो गई हैं और उनका अध्ययन किया जा रहा है।

2·07 दूसरी भाषाएँ :—द्वितीय भाषा के रूप में बँगला भाषा की प्रथम पाठ्यपुस्तक की प्रेस पांडुलिपि और चित्र तैयार किए गए। पुस्तक को छपने के लिए भेज दिया गया।

2·08 संस्कृत :—संस्कृत की पहली पाठ्यपुस्तक तैयार करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस श्रृंखला की पहली और दूसरी पाठ्यपुस्कों के 1972-73 में तैयार होने की संभावना है।

2·09 प्राथमिक स्तर में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम मानकों का विकास :—प्रतिवेदन वर्ष में निम्नलिखित पूरक पठन पांडुलिपियों को अंतिम रूप दिया गया और परिषद् के प्रकाशन एकक को छपने के लिये भेज दिया गया है :

1. गिरिराज हिमालय
2. पीप्स थ्रू दि मिलैनियम
3. वन सम्पत्ति

2.10 स्कूल शिक्षा के लिए समन्वित पाठ्यक्रम योजना :—प्रतिवेदन वर्ष में सारे स्कूल स्तर के लिए सामान्य शिक्षा का समन्वित पाठ्यक्रम तैयार किया गया। इस योजना में स्कूल शिक्षा के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल स्तर की अध्ययन योजना, विभिन्न विषयों के पढ़ाने का समय, हिन्दी अध्ययन का प्रथम और दूसरी भाषा के रूप में विस्तृत पाठ्यक्रम, सामाजिक अध्ययन, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा तथा जनसंख्या शिक्षा सम्मिलित है।

2.11 अनुदेशीय सामग्री की तैयारी :—1971-72 में इतिहास और भूगोल की 24 पुस्तिकाओं की पांडुलिपियों को अंतिम रूप दिया गया। इस वर्ष इन दो विषयों की 6 पुस्तिकाओं को तैयार किया गया और छपने भेजा गया।

2.12 भाषाओं के शिक्षण को सुधारने के लिये विधियों और सामग्रियों के विकसित करने की योजना का एन० सी० ई० आर० टी० से मैसूर के भारतीय भाषाओं के केन्द्रीय संस्थान को हस्तांतरण :—केन्द्रीय शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय के मई 28, 1971 के पत्र संख्या एफ० 8-17/71 एल०/2 द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार भाषाओं के शिक्षण को सुधारने के लिए विधियों और सामग्रियों के विकसित करने की योजना को एन० सी० ई० आर० टी० से मैसूर के भारतीय भाषाओं के केन्द्रीय संस्थान (सी० आई० आई० एल०) को हस्तांतरित कर दिया गया। चूँकि 1971-72 में योजना को कार्यान्वित करने के लिए निधि परिषद् के बजट में है, इसलिए यह फैसला किया गया कि सी० आई० आई० एल० का निदेशक उन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के नियंत्रण का कार्य तुरन्त ग्रहण कर लेगा जिनको कि एन० सी० ई० आर० टी० ने केन्द्रीय अंग्रेजी संस्थान, हैदराबाद और डेकन कालेज, पूना और अन्नामलाई विश्वविद्यालय के भाषाओं में उच्च अध्ययन के केन्द्रों को सुपुर्द किया है। सी० आई० आई० एल० के निदेशक की सिफारिशों पर एन० सी० ई० आर० टी० इन संस्थाओं को 1971-72 में परियोजना के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक निधि देगा। परिषद् सी० आई० आई० एल० के निदेशक को परियोजनाओं के निरीक्षण में आवश्यक निजी सहायता देने को सहमत हो गई है। वर्ष 1972-73 से इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक निधि की व्यवस्था सी० आई० आई० एल०, मैसूर के बजट में कर दी जायेगी।

(3) प्राथमिक स्तर में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम मानकों का विकास

प्राथमिक शिक्षा स्तर के लिए न्यूनतम पाठ्यक्रम मानकों को विकसित करने की परियोजना पाठ्यक्रम योजना क्षेत्र में एक नई परियोजना है। इसका उद्देश्य प्रत्येक स्कूल जाने वाले छात्र के लिये अपेक्षित शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर न्यूनतम ध्येयों की प्राप्ति के सम्बन्ध में राष्ट्रीय सर्वसम्मत्ति के लिए वातावरण उत्पन्न करना है। प्रतिवेदन वर्ष में प्राथमिक स्तर पर प्राप्त शिक्षण परिणामों के

आंकड़े एक अखिल भारतीय कर्मशाला में तैयार किए गए जिसमें राज्य शिक्षा विभागों के प्रतिनिधियों और राज्य शिक्षा संस्थानों के इस क्षेत्र के गैर सरकारी विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्राप्त शिक्षण परिणामों की पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए और जाँच-पड़ताल की जाएगी।

(4) कार्य अनुभव पाठ्यक्रम

परिषद् द्वारा कार्य-अनुभव में विकसित पाठ्यक्रम को 1971-72 में हैदराबाद शहर और जिले के 30 चुने हुए स्कूलों में आजमाया गया। इन स्कूलों के अध्यापकों को कार्य-अनुभव पाठ्यक्रम में अनुस्थापित किया गया और कार्यक्रम को चलाने के लिये उपकरण भी उपलब्ध किए गए।

(5) शिक्षण सहायक साधन

पिछले कुछ वर्षों से पूर्ण विद्यालय स्तर पर शिक्षा में शिक्षण उपकरणों के उपयोगों को प्रोत्साहन देने के लिए कार्यक्रम पर राष्ट्रीय परिषद् कार्य करती रही। इसमें अल्प व्यय तकनीकें जैसे फलैनल ग्राफ किट, ग्राफिक किट आदि शामिल है, जो विद्यालय अवस्था में अत्यंत उपयोगी होते हैं। इसके अतिरिक्त, बड़ी मात्रा में विविध स्कूल विषयों की फिल्म स्ट्रिपें, चार्ट्स रेखाचित्र, और अन्य संबंधित सामग्री का निर्माण किया गया। प्रतिवेदन वर्ष में निम्नलिखित किट सामग्रियों का उत्पादन किया गया।

फिल्में

"साइंस इज डूइंग" पर एक फिल्म तयार की गई जिसके 100 प्रिंट्स तैयार किए गए। इस फिल्म को हिन्दी में भी डब किया गया।

"टीचिंग ऑफ एलीमेंटरी फिजिक्स टुडे" का उपचार पांडुलेख तैयार किया गया और संशोधित किया गया।

बच्चों की फिल्म "सुनो कथा श्री राम की" के चार प्रिन्ट्स तैयार किए गए और विदेश मंत्रालय को भेजे गए।

फिल्म स्ट्रिपें

निम्नलिखित फिल्म स्ट्रिपें तैयार की गई :—

1. जम्मू और कश्मीर
2. रोड सेफ्टी
3. थ्री डी टीचिंग एड्स इन प्लास्टर ऑफ पेरिस

4. डिपार्टमेंट ऑफ टीचिंग ऐड्स

राष्ट्रीय आपातस्थिति पर पोस्टर

राष्ट्रीय आपातस्थिति के दौरान निम्नलिखित पोस्टर तैयार किए गए, छापे गए और दिल्ली की शैक्षिक संस्थाओं को बाँटे गए :—

1. डोनेट ब्लड
2. नया देश बँगला देश
3. राष्ट्रीय एकता
4. "घूस खोरी" इज ए सोशल क्राइम
5. सोचो

आवर इंडिया पर अध्ययन किट :—"आवर इंडिया" अध्ययन किट का संशोधित संस्करण तैयार किया गया।

प्राचीन भारत पर इतिहास पैकेज :—प्रतिवेदन वर्ष में प्राचीन भारत पर इतिहास पैकेज बनाने के कार्य को समाप्त करने की दिशा में प्रगति हुई है।

परिशिष्ट 7

राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना

विज्ञान प्रतिभा खोज की 1971 की परीक्षा में लगभग 1000 प्रत्याशी साक्षात्करण के लिए सफल हुए। साक्षात्कारण के आधार पर 359 प्रत्याशी अंतिम रूप से छात्रवृत्तियों के लिए चुने गए। 1968 से 1971 तक छात्रवृत्ति पाने वाले प्रत्याशियों की संख्या का राज्यानुसार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

विज्ञान प्रतिभा खोज की 1972 की परीक्षा सारे देश में 350 केन्द्रों में आयोजित की गई और इसमें लगभग 7,200 प्रत्याशियों ने भाग लिया। इस परीक्षा के लिए दी जाने वाली छात्रवृत्तियों का फैसला 1972 में इन्टरव्यू के बाद होगा।

अवर स्नातक स्तर के प्रत्याशियों के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में चार सप्ताह की अवधि के 19 ग्रीष्मकालीन स्कूलों की योजना तैयार की गई जिनमें से मई-जून 1971 में 18 ग्रीष्मकालीन स्कूलों का विभिन्न विश्वविद्यालय केन्द्रों में आयोजन हो सका। स्नातकोत्तर प्रत्याशियों को उनके ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों के लिए 25 राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और उच्च शिक्षा के संस्थानों में भेजा गया। अमरीका और इंग्लैंड से 15 प्रतिभाशाली छात्रों के दल ने सितम्बर 1971 में इस देश का दौरा किया। इनके लिए राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना के दिल्ली स्थित प्रत्याशियों से मिलने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अनुबंध

1968 से 1971 तक राष्ट्रीय विज्ञान-प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियाँ पाने वाले प्रत्याशियों की संख्या का राज्यानुसार विवरण

राज्य क्षेत्र का नाम	प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की संख्या			
	1968	1969	1970	1971
1. आंध्र प्रदेश	4	11	3	11
2. असम	4	5	—	3
3. बिहार	7	14	6	8
4. गुजरात	4	7	3	6
5. हरियाणा	—	1	—	—
6. जम्मू तथा कश्मीर	—	—	1	—
7. केरल	32	11	13	10
8. मध्य प्रदेश	9	10	8	15
9. महाराष्ट्र	30	35	36	51
10. मैसूर	30	5	12	15
11. नागालैंड	—	—	—	—
12. उड़ीसा	3	2	2	10
13. पंजाब	3	2	6	2
14. राजस्थान	9	8	20	4
15. तमिलनाडु	16	21	28	32
16. उत्तर प्रदेश	46	25	15	24
17. पश्चिम बंगाल	55	77	54	72
18. अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह	—	—	—	—
19. चंडीगढ़	1	—	2	—
20. दिल्ली	100	124	149	93

21. गोवा	—	—	—	—
22. हिमाचल प्रदेश	1	1	1	—
23. लक्कादीव, मिनीकाय तथा अमीन दिवी द्वीप समूह	—	—	—	—
24. मणिपुर	1	—	—	—
25. नेफा	—	—	—	—
26. पांडिचेरी	—	—	—	—
27. त्रिपुरा	—	—	—	—
जोड़	355 (5)	359 (10)	359 (11)	359 (11)

नोट :—कोष्ठक में दी गई संख्या गणित के अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति पाए छात्रों की संख्या प्रदर्शित करती है ।

परिशिष्ट 8

शिक्षा तथा राष्ट्रीय एकीकरण परियोजना समाज कल्याण मंत्रालय ने परिषद् को विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल के छात्रों में राष्ट्रीय एकीकरण को प्रोत्साहित करने का कार्य सौंपा। परिषद् ने प्रतिवेदन वर्ष में राष्ट्रीय एकीकरण परियोजना के अंतर्गत जो प्रमुख कार्यक्रम प्रारम्भ किए वे निम्नलिखित हैं :—

(क) छात्रों तथा अध्यापकों के लिए अन्तर्राज्यीय शिविरों का आयोजन करना तथा अध्यापकों और मुख्याधापकों के लिए अलग से शिविरों का आयोजन करना।

(ख) चुने हुए स्कूलों में "हमारा भारत परियोजना" शुरू करना, और

(ग) छात्रों तथा अध्यापकों के लिए विषय से संबंधित उपयुक्त सामग्री तैयार करना।

(क) अन्तर्राज्यीय शिविरों का आयोजन

मई-जून 1971 में छात्र-अध्यापक के सात अंतर्राज्यीय शिविर श्रीनगर, पूना, त्रिवन्दरम, दार्जिलिंग, छम्ब, नेतरहाट और माउंट आबू में आयोजित किए गए। नवम्बर-दिसम्बर 1971 और जनवरी 1972 में दस शिविरों के आयोजन की योजना बनाई गई थी परन्तु राष्ट्रीय आपातकालीन स्थिति के कारण केवल दो शिविर भटिंडा और कानपुर में आयोजित किए गए। इन दोनों शिविरों में पाँच राज्यों से छात्र और अध्यापक आमन्त्रित किए गए।

अब तक लगभग सभी राज्य इस योजना में भाग ले चुके हैं और प्रत्येक राज्य के बारह से अधिक स्कूलों ने अन्तर्राज्यीय छात्र-अध्यापक शिविरों में भाग लिया है।

प्रत्येक शिविर को आयोजित करने से पूर्व राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान कैम्पस में शिविर निदेशकों तथा आयोजकों के लिए दो दिन की अनुस्थापना बैठक की व्यवस्था की गई।

छात्रों तथा अध्यापकों के शिविरों में जो कार्यक्रम किए गए उनमें शिविर में आए अन्य साथियों की भाषाएँ सीखना, वार्ताएँ, विचार-विमर्श और वाद-विवाद, प्रदर्शनियाँ, परिभ्रमण और यात्राएँ, शारीरिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा की प्रोन्नति के लिए कार्यक्रम सांस्कृतिक तथा मनोरंजक कार्यक्रम आदि सम्मिलित थे ।

मई-जून 1971 में बड़ौदा और कोयम्बतूर में दो अन्तर्राज्यीय शिविर केवल अध्यापकों के लिए आयोजित किए गए । लगभग सभी राज्यों के अध्यापकों ने इन शिविरों में भाग लिया । इन अध्यापक शिविरों के कार्यकलापों में 'अपना राज्य जानो' परियोजना, इस विषय से संबंधित अनुदेशन सामग्री की तैयारी, विशेषज्ञों द्वारा छात्रों में राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को बढ़ाने में अध्यापकों के कर्तव्य, सामाजिक अध्ययन द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण, भूगोल और सृजनशील नाट्यों द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण जैसे विषयों पर वक्तव्य सम्मिलित है ।

एक शिविर लखनऊ में नवम्बर 1971 में केवल स्कूलों के मुख्याध्यापकों के लिए आयोजित किया गया । असम और जम्मू तथा कश्मीर राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों के 71 मुख्याध्यापकों ने इस शिविर में भाग लिया । प्रसिद्ध वक्ताओं को शिविरकों से विचार-विमर्श के लिए आमन्त्रित किया गया । शिविरकों को 6 दलों में विभक्त किया गया । प्रत्येक दल निम्नलिखित विषयों में से एक से संबंधित था ।

(1) पाठ्यक्रम
(2) पाठ्यक्रम कार्यकलाप
(3) विचार विनिमय द्वारा ज्ञान
(4) स्कूल और समाज
(5) हमारा भारत प्रदर्शनी
(6) समन्वय

इन दलों द्वारा तैयार सामग्री से एक हस्तपुस्तिका तैयार की गई जिसका प्रयोग स्कूलों में राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ाने के लिए आयोजित कार्यकलापों के मार्गदर्शन के लिए किया जा सकता है । इस हस्तपुस्तिका की सामग्री ठीक की जा रही है और छपवाने की योजना है । शिविर में आए मुख्याध्यापक अपने साथ अपने-अपने राज्य की विशेषताओं से संबंधित सामग्री लाए । इस सामग्री का शिविर में प्रदर्शन किया गया ।

(ख) 'हमारा भारत परियोजन'

'हमारा भारत परियोजन' की योजना शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल के बच्चों में राष्ट्रीय एकीकरण को प्रोत्साहित करने के समस्त कार्यक्रम का

एक अभिन्न अंग है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विभिन्नताओं में एकता समझना है जो हमारे भारत का विशिष्ट लक्षण है। इस परियोजना के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :—

(1) छात्रों तथा अध्यापकों के अन्तर्राज्यीय शिविरों में प्राप्त उपलब्धियों तथा अनुभवों को कार्यान्वित करना,

(2) प्रत्येक स्कूल में छात्रों तथा अध्यापकों के अन्तर्राज्यीय शिविरों के कार्य को अनुसरण करना, और

(3) छात्रों में राष्ट्रीय दृष्टिकोण का विकास करने के लिए शिविरों में भाग लेने वाले सभी स्कूलों को परियोजना में शामिल करके छात्रों तथा अध्यापकों के अन्तर्राज्यीय शिविरों के प्रभाव-क्षेत्र का विस्तार करना।

इस परियोजना के अंतर्गत शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय छटे हुए 100 स्कूलों को 1000 रुपए प्रति स्कूल की दर से अनुदान देती है।

स्कूलों द्वारा इस परियोजना के अन्तर्गत जो कार्यकलाप किए जाते हैं वह हैं निबंध, पाठांतर, वाक्पटुता और वाद-विवाद प्रतियोगताएँ, हस्तलिखित पत्रिकाओं का प्रकाशन जिनमें छात्र रचित लेख हों, राज्यों के ऐतिहासिक, भूगोलिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहलुओं पर किए जा रहे अध्ययन पर आधारित चार्ट्स, माडेल, नकशे, ग्राफ इत्यादि बनाना।

(ग) छात्रों तथा अध्यापकों के लिए अनुदेशन सामग्री तैयार करना :—

परियोजना के इस पहलू के अंतर्गत छात्रों तथा अध्यापकों, दोनों के लिए उपयोगी सामग्री प्रकाशित करने का विचार है। प्रतिवेदन वर्ष में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर भूगोल शिक्षण के अध्यापकों के लिए एक हस्तपुस्तिका 'ज्योग्राफी एंड नेशनल इंटीग्रेशन' तैयार की जा रही थी। भारत की विभिन्न भाषाओं के बहुत से राष्ट्रीय एकीकरण के गीतों को एकत्र करके पुस्तक के रूप में संग्रह किया गया। 'आवर नेशनल सांग' नामक पुस्तक को राष्ट्रीय एकीकरण परियोजना की स्क्रीनिंग समिति के समक्ष रखी जानी थी। 12 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के छात्रों के लाभ के लिए एक पूरकपठन रीडर 'भारत को प्रकृति के उपहार' निर्माणाधीन थी। राष्ट्रीय एकीकरण पर एक सामान्य सीखने-सिखाने की युक्ति का अध्ययन किट विकसित किया जा रहा है जिसमें संबंधित नाना प्रकार की श्रव्य-दृश्य सामग्री और विषय से संबंधित साहित्य को एकत्रित किया गया है।

परिशिष्ट 9

जनसंख्या शिक्षा

जनसंख्या की तीव्र वृद्धि हमारे जैसे विकासशील देशों के लिए चिन्ता का विषय है। उन्नति से होने वाले सारे लाभ जनसंख्या की अद्‌भुत वृद्धि नष्ट कर देती है। इसी लिए जनसंख्या शिक्षा को सारे विश्व में आवश्यक समझा जा रहा है।

स्कूल स्तर पर जनसंख्या शिक्षा के महत्व को घ्यान में रखते हुए केन्द्रीय शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय ने जनसंख्या शिक्षा की नई परियोजना का कार्यभार 1969-70 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् को सौंप दिया। परिषद् ने 1970-71 में सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग में एक नये एकक की स्थापना की जो इस क्षेत्र के लिए विशेप कार्यक्रम तैयार करेगा और उनको कार्यान्वित करेगा।

प्रतिवेदन वर्ष में इस एकक ने स्कूल स्तर के लिए जनसंख्या शिक्षा में एक पाठ्‌यक्रम का प्रारूप तैयार किया और अनुदेश सामग्री तैयार करने और इन कार्यक्रमों को राज्यो में कार्यान्वित करने का कार्य आरम्भ किया। विभिन्न राज्यों के शिक्षा निदेशकों और राज्य शिक्षा संस्थानों के निदेशकों को एकक द्वारा विकसित सामग्रियों और पाठ्‌यक्रमों से अवगत कराने के लिए एक भारतीय कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। स्कूल छात्र, अध्यापक प्रशिक्षक और स्कूल छोड़े हुए विद्यार्थियों के लिए जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए इस कान्फ्रेंस ने लाभदायक सुझाव दिए। इस एकक द्वारा कहानी पुस्तकों और आहार हस्त-पुस्तिका के लिए तैयार की गई अनुदेशन सामग्री की इस वर्ष दो समीक्षा दलों की बैठकों में समीक्षा की गई। अध्यापकों के लिए जनसंख्या शिक्षा पर सेवा-पूर्व और सेवा-कालीन प्रशिक्षण के लिए पाठ्‌यक्रम विकसित करने के लिए एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। जनसंख्या शिक्षा पर दूसरी वर्कशाप का आयोजन परिषद् ने हरियाणा सरकार के सहयोग से किया। भारत की परिवार नियोजन संस्था, कोलम्बो प्लान ब्यौरो, कोलम्बो, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मन्त्रालय, नई दिल्ली, भारतीय चिकित्सा संस्था, नई दिल्ली, और उदयपुर, पटना और गुड़गाँव

के राज्य शिक्षा संस्थानों इत्यादि द्वारा जनसंख्या शिक्षा और उस से संबंधित विषयों पर आयोजित कार्यक्रमों में जनसंख्या शिक्षा एकक के अफसरों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त इस एकक ने प्रतिवेदन वर्ष में निम्नलिखित साहित्य प्रकाशित किया :—

(1) रिपोर्ट ऑफ दि नेशनल सेमिनार ऑन पॉपुलेशन एजुकेशन।

(2) पॉपुलेशन एजुकेशन इन स्कूल कैरीकुल्ला

(3) रीडिंग्स इन पॉपुलेशन एजुकेशन

(4) पॉपुलेशन—ए ड्राफ्ट सिलेबस

(5) इंडियन पॉपुलेशन सिचुएशन

(6) ए बिब्लयो ग्राफी ऑन पॉपुलेशन एजुकेशन

(7) प्लग प्वांइट्स फॉर पॉपुलेशन एजुकेशन इन स्कूल कैरीकुल्ला,

(8) पॉपुलेशन एजुकेशन अंडर दि करेन्ट प्रॉबलम्स इन एजुकेशन सीरीज

जिन दो पुस्तकों की पांडुलिपियाँ प्रेस में छपने भेजी गई वे हैं :— (1) विज्ञान भवन, नई दिल्ली में अक्तूबर 1971 में आयोजित नेशनल कानफ्रेंस की रिपोर्ट, और (2) रीडिंग्स इन पॉपुलेशन एजुकेशन (द्वितीय भाग)।

परिशिष्ट 10

ग्रामीण प्रतिभा खोज योजना

शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्रालय ने माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति की एक योजना प्रारम्भ की है। जबकि इस योजना का प्रशासकीय दायित्व शिक्षा मन्त्रालय पर है फिर भी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय छात्रवृत्तियाँ देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों का पता लगाने के लिए दूसरे स्तर पर परीक्षा लेने के काम में राज्यों को अकादमिक मार्गदर्शन उपलब्ध करने की जिम्मेदारी सँभालने के लिए कहा गया। परिषद् से यह भी कहा गया कि वह प्रतिभाशाली बच्चों का पता लगाने और विभिन्न राज्यों की पाठचर्या को एक दूसरे की तुलना में अधिकाधिक समरूप बनाने के लिए इस योजना के अकादमिक पक्ष का समन्वय और अनुसंधान करे। इस योजना के अधीन अकादमिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करने के लिए परिषद् में एक विशेष एकक बनाने का प्रस्ताव है। परिषद् की कार्यकारी समिति की 10 फरवरी 1972 को हुई बैठक में इस एकक के कार्यों और विस्तार क्षेत्रों का विस्तार करने के बारे में विचार किया गया ताकि पिछड़ी जातियों के प्रतिभाशाली बच्चों को छाँटने का कार्य भी इस एकक को दिया जा सके। कार्यकारी परिषद् इस प्रस्तावित विशेष एकक की परिषद् में स्थापना और उसके कार्यों के प्रश्न पर आगे विचार करने के लिए एक उप-समिति की नियुक्ति की। इस एकक की स्थापना होने तक परिषद् ने 1971-72 में परीक्षा सुधार कार्यक्रम द्वारा प्राप्त अनुभव के आधार पर इस योजना को राज्यों में कार्यान्वित करने में मार्गदर्शन के लिए तदर्थ प्रबन्ध किया। परिषद् में प्रस्तावित एकक की स्थापना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को ढूंढ निकालने का कार्य और तरीके और वैज्ञानिक ढंग से किया जाएगा।

परिशिष्ट 11

परीक्षा सुधार

कई वर्षों से परिषद् देश की परीक्षा प्रणाली के सुधार में जुटी हुई है। परिषद् के परीक्षा सुधार कार्यक्रम के दो मुख्य लक्ष्य हैं :

(1) छात्रों के विकास को नापने के लिए परीक्षाओं को विधिमान्य विश्वसनीय उपकरण बनाना, और

(2) सारी अध्यापन-अवबोधन विधियों को सुधारने के लिए परीक्षाओं को एक शक्तिशाली उपकरण बनाना।

परिषद् द्वारा विकसित परीक्षा सुधार के विस्तृत कार्यक्रम में जो सन्निहित है वह है लिखित परीक्षाओं से संबंधित प्रश्नों, प्रश्न-पत्रों और अंक देने की विधियों में सुधार, व्यावहारिक परीक्षाओं में विषयसूची का निर्माण और मौखिक वर्णन का समावेश। यह कार्यक्रम निरीक्षण, इन्टर्व्यू और रेटिंग स्कूलों आदि में मूल्यांकन विधियों के विस्तार की सिफारिश करता है। इसका लक्ष्य परीक्षाओं के प्रबन्ध करने के तरीकों और श्रेणी प्रमाणीकरण और वर्गीकरण के लिए परीक्षण गणना के प्रयोग के लिए ही सुधार करना नहीं है वरन् अनुदेश उपायों, शैक्षणिक भविष्यवाणी और निरीक्षण उपायों आदि से भी है। इसके परिणामस्वरूप पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों, अनुदेश सामग्री और अनुदेश उपायों और अध्यापक प्रशिक्षण क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों को भी ध्यान में रखा गया है। परिषद् के परीक्षा सुधार कार्यक्रम के बहुत महत्वपूर्ण परिणाम निकले हैं जो निम्नलिखित हैं :

(1) पड़ोसी देशों, जैसे नेपाल, की इस कार्यक्रम में रुचि,

(2) विभिन्न राज्य स्तरीय शैक्षिक संस्थाओं द्वारा एन० सी० ई० आर० टी० के विकसित कार्यक्रम के अनुसरण में स्वेच्छिक चेष्टाएँ,

(3) विभिन्न परीक्षा बोर्डों द्वारा परीक्षा में सुधार करना

(4) कुछ विश्वविद्यालयों और राज्य शिक्षा के तकनीकी बोर्डों द्वारा एन० सी० ई० आर० टी० द्वारा विकसित सामग्री और तकनीकों का उपयोग, और

(5) इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित अनेक व्यक्तियों द्वारा शैक्षिक मूल्यांकन पर लेख तैयार करना।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के पुनर्गठित रूप में भी परीक्षा सुधार के कार्यक्रमों को कर्यान्वित करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था अभी विकसित करनी है। प्रतिवेदन वर्ष में पाठ्यपुस्तक विभाग में परीक्षा सुधार पर पहले से कार्य कर रहे अफसरों ने इस क्षेत्र का भी कुछ कार्य संभाला। इस वर्ष किए गए कार्यकलाप यह थे—विभिन्न परीक्षा बोर्डों द्वारा रचित 1969-70 की सेकेंड्री परीक्षाओं के नतीजों का विश्लेषण पूरा कर लिया, 1970-71 के नतीजों के विश्लेषण का कार्य आरम्भ कर दिया है, आगे सुधारने और मजबूत करने की दृष्टि से राजस्थान की आंतरिक निर्धारण परियोजना का मूल्यांकन, विश्वविद्यालयों को पहले से भेजे विशेष और आवश्यक पाठ्यक्रम के संशोधित रूप को विकसित करने की दृष्टि से विभिन्न विश्वविद्यालयों के बी० एड० के पाठ्यक्रमों के शैक्षिक मूल्यांकन की विषय-सूची के विश्लेषण कार्य को जारी रखना, गोवा, दमन एवं दीव के शिक्षा विभाग भारतीय स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा परिषद्, राजस्थान, मैसूर और मध्य प्रदेश सेकेंड्री शिक्षा के राज्य बोर्डों के लिए मूल्यांकन कर्मशालाओं का आयोजन, और विभिन्न राज्यों में मूल्यांकन कार्यक्रमों में लगे अफसरों के लिए एक सेमिनार का आयोजन करना।

परिशिष्ट 12

यूनेस्को रजत जयंती समारोह

प्रतिवेदन वर्ष यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारत राष्ट्रीय आयोग के सुझाव पर परिषद् और शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय ने यूनेस्को का पच्चीसवाँ वार्षिकोत्सव मनाया। इसके विशेष कार्यक्रम में यूनेस्को के भूतपूर्व उपमहानिदेशक और वर्तमान मद्रास इंस्टीच्यूट आफ डेव्लपमेंट स्टडीज के निदेशक, डा० मैलकाम एम० आदिशेषय्या का "यूनेस्को इन ट्वेन्टीफाइव इयर्स—ए रिटरास्पेक्ट एंड ए प्रास्पेक्ट" पर भाषण सम्मिलित है। भाषण को छपाकर उसकी प्रतियाँ विशिष्ट श्रोताओं को जिनमें यूनेस्को, यूनीसेफ, यू० एन० डी० पी०, डब्लू० एच० ओ०, एफ० ए० ओ० इत्यादि के दिल्ली स्थित अफसर, यू० एस० ए० आई० डी०, ब्रिटिश काउंसिल, केन्द्रीय शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्रालय और एन० सी० ई० आर० टी० के अफसरों को बाँटी गईं। विशेष समारोह के दूसरे कार्यक्रम यह थे एन० सी० ई० आर० टी के निदेशक प्रो० एस० वी० सी० एय्या रचित "ए चिल्ड्रेन्स साइंस इनजैक्शन प्रोग्राम" पुस्तिका का मुद्रण, डा० आदिशेषय्या द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान कैम्पस में लघु पाइप का लगाना, और एन० आई० ई० कैम्पस में स्कूल अध्यापकों और छात्रों के लाभ के लिए एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन। प्रदर्शनी में दूसरे आमन्त्रित लोगों के अतिरिक्त राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना के स्थानीय प्रत्याशियों को भी आमन्त्रित किया गया। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों और केन्द्रीय शिक्षा संस्थान में हुए समारोहों में सिम्पोजियम, वक्ताओं द्वारा भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, लेख प्रतियोगिता, यूनेस्को के अंशदान पर शैक्षिक फिल्मों का प्रदर्शन इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

परिशिष्ट 13

व्यावसायिक शैक्षिक संगठनों को अनुदान (1971-72)

देश में बहुत से व्यावसायिक संगठन हैं जो प्रत्यक्षतः अथवा परोक्ष रूप से स्कूली शिक्षा के लिए गुणकारी कार्य करते हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् गत कई वर्षों से ऐसे संगठनों को आर्थिक सहायता देने की परियोजना, केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय द्वारा प्रथम पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रारम्भ की गई स्वयंसेवी शैक्षिक संगठनों की सहायता की योजना के आधार पर चला रही है। विभिन्न व्यावसायिक शैक्षिक संगठनों को 1971-72 के दौरान दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

क्रम संख्या	व्यावसायिक शैक्षिक संगठनों के नाम	स्वीकृत राशि (रुपये में)
1.	भारतीय अध्यापक-शिक्षक संघ, दिल्ली	10,000-00
2.	अखिल भारतीय विज्ञान अध्यापक संघ, लोधी स्टेट, दिल्ली	8,500-00
3.	अखिल भारतीय शैक्षिक संस्थाओं की फैड्रेशन, नई दिल्ली	3,000-00
4.	भारतीय स्कूल-पूर्व शिक्षा संघ, नई दिल्ली	4,500-00
5.	भारतीय गणित अध्यापक संघ, मद्रास	5,700-00
6.	विज्ञान शिक्षा विकास संघ, मद्रास	3,500-00
7.	भारतीय अभिभावक-अध्यापक राष्ट्रीय संघ, नई दिल्ली।	2,500-00
8.	बंग विज्ञान परिषद्, कलकत्ता	3,500-00
9.	बाल चित्र संस्थान, रवीन्द्र सरोवर, कलकत्ता	5,000-00
10.	भारतीय भूगोल अध्यापक संघ, मद्रास	4,000-00
	कुल जोड़ :	50,200-00

परिशिष्ट 14

अनुसंधान अध्ययन, अन्वेषण और सर्वेक्षण (1971-72)

प्रतिवेदन वर्ष में हस्तगत परियोजनाओं के संबंध में और प्रगति हुई थी और कुछ नए अध्ययन और सर्वेक्षण भी आरम्भ किए गए थे। इस वर्ष के दौरान पूरे हुए या आरम्भ किए गए अध्ययनों, अन्वेषणों और शैक्षिक सर्वेक्षणों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :

(क) अध्ययन

(1) परीक्षण विकास

1·01 **सहकारी परीक्षण विकास परियोजना** : इस परियोजना का उद्देश्य दो मनोवैज्ञानिक उपकरणों को विकसित करना है—एक बुद्धि परीक्षण और दूसरा अभिरुचि। वर्ष 1971-72 में 7-16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समांतर आकार के अनुक्रमी बुद्धि परीक्षण सामान्य आँकड़े एकत्रित करने के लिए बंगला, तमिल और मलयाली भाषाओं में छापे गए। अभिरुचि सूची का कनिष्ठ आकार स्कूल छात्रों और श्रेष्ठ आकार कालेज छात्रों के लिए हिन्दी, मराठी और कन्नड़ भाषाओं में छात्रों और दस चुने हुए व्यावसायिक दलों के प्रयोग के लिए छापे गए। इन दोनों उपकरणों से संबंधित प्रतिमानों और सांख्यिकीय विश्लेषणों को विकसित करने के कार्य में इस वर्ष प्रगति हुई है।

1·02 **विभेदक अभिक्षमता परीक्षण माला** : गत वर्ष पूर्व-परीक्षण पुस्तिकाएँ दो राज्यों में प्रयोग के लिए भेजी गई और दो मदों का विश्लेषण आँकड़ों के आधार पर किया गया। इन परीक्षणों का सम्पादन किया गया और प्रतिमान अध्ययन के लिए अंतिम स्वरूप बनाने की दृष्टि से आवश्यकता अनुसार अनुदेशों में संशोधन किया गया। तीन उत्तर-पत्रों के ढाँचे तैयार किए गए और उनको छापा गया। नमूने के तौर पर हिन्दी-भाषी राज्यों के 240 स्कूलों को चुना गया। संबंधित राज्य अधिकारियों से राज्यों में परीक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए सम्पर्क स्थापित किया गया।

1·03 **देशनांक तथा करणी संबंधी नैदानिक परीक्षणों का विकास करना** : एन० आई० ई०-एच० ई० डब्लू० परियोजना "आल इण्डिया अचीवमेंट इन

मैथेमेटिक्स सर्वे" से पता चला है कि देशनांक तथा करणी विषय तुलनात्मक रूप से कठिन है। इसलिए ऐसा अनुभव किया गया कि बच्चों की इस विषय में कमजोरी का पता लगाने के लिए नैदानिक परीक्षणों को विकसित किया जाए। एक बार परीक्षण से किसी कमजोरी का पता लगते ही उस विषय पर और प्रभावपूर्ण अनुदेश सामग्री को विकसित करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। प्रतिवेदन वर्ष में परीक्षण मदों को लिखने का कार्य, इस क्षेत्र में प्रारम्भिक अध्ययन पूरा करने के बाद, हाथ में लिया गया। परीक्षण मदों का परीक्षण करके अंतिम परीक्षण स्वरूप तैयार किया जाएगा। यह अंतिम परीक्षण स्कूल अध्यापकों के सामान्य प्रयोग के लिए जारी किया जाएगा।

1·04 **कक्षा 1-7 के लिए उपलब्धि परीक्षण माला का मानकीकरण :** 1971-72 वर्ष में मैसूर के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय में कक्षा 1-7 के लिए उपलब्धि परीक्षण माला के मानकीकरण का कार्य प्रारम्भ हुआ।

1·05 **लेखा-संधारण और वाणिज्य तत्वों की निर्मित्ति और मानकीकरण :** भुवनेश्वर के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय ने लेखा-संधारण और वाणिज्य तत्वों की निर्मिति और मानकीकरण का कार्य प्रारम्भ किया। परीक्षण के प्रारूप तैयार किए गए और पूर्वी क्षेत्र के नमूने के उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में उनका प्रयोग किया गया।

1.06 **भारत की दूसरी मानसिक मापक हस्तपुस्तिका :** भारत की पहली मानसिक हस्तपुस्तिका 1966 में प्रकाशित हुई थी। इसके अद्यतन का अनुभव करते हुए प्रतिवेदन वर्ष में इसके संशोधन की परियोजना प्रारम्भ की गई।

(2) मार्गदर्शन तथा परामर्श

2·10 **व्यवसाय अध्ययन :** इस परियोजना का उद्देश्य आठवीं तथा ग्यारहवीं कक्षाओं में व्यवसायों के शिक्षण की विभिन्न पद्धतियों का अध्ययन तथा मूल्यांकन करना है। 1971-72 में कक्षा दस के विज्ञान और वाणिज्य स्रोतों पर प्रयोगात्मक कार्य किए गए। अध्ययन के लिए प्रत्येक स्रोत के तीन खण्ड लिए गए।

(3) शिशु विकास

3.01. **2½ से 5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रतिमान परियोजना का विकास :** इस परियोजना का उद्देश्य 2½ से 5 वर्ष की आयु वर्ग के भारतीय बच्चों में विकास के मानक तैयार करना है। 1971-72 में निम्नलिखित रिपोर्टें तैयार की गई :

(1) स्कूल-पूर्व छात्रों का प्रेरक विकास; और

(2) विभिन्न वर्गीय तथा देशांतरीय ढंग से प्राप्त प्रतिमानों की तुलना ।

3·02. $5\frac{1}{2}$ से 11 **वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रतिमान परियोजना का विकास** : इस परियोजना का उद्देश्य $5\frac{1}{2}$ से 11 वर्ष की आयु के भारतीय बच्चों की शिक्षा के प्रक्रम में सुधार करने के विचार से इस आयु-वर्ग के विकास को समझना है । इस अध्ययन का लक्ष्य घर तथा स्कूल में पर्यावरणगत प्रक्रमचरों के बीच संबंधों का अन्वेषण करना तथा स्कूली उपलब्धि संज्ञानात्मक विकास और सामाजिक परिपक्वता पर इनके प्रभाव का अध्ययन करना है । इसके अलावा, उपलब्ध तथ्य सामग्री के आधार पर विकास के विभिन्न पहलुओं के लिए मानक भी तैयार किए जाएँगे । यह परियोजना बम्बई, केरल, उस्मानिया, बंगलौर और राँची विश्वविद्यालयों के पाँच केन्द्रों और गांधी अध्ययन संस्थान, वाराणसी, के एक केन्द्र के सहयोग से प्रारम्भ की गई है । दिल्ली केन्द्र के लिए बीज-अध्ययन की एक योजना बनाई गई है । प्रतिवेदन वर्ष में इस अध्ययन के लिए आवश्यक साधन विकसित करने का कार्य किया गया । विभिन्न केन्द्रों पर हो रहे मार्गदर्शी अध्ययन या तो समाप्त हो गए थे या समाप्ति पर थे ।

3·03 **स्कूल-पूर्व वर्गों में दो विधियों से शिक्षित संकल्पना निर्माण का अध्ययन** : इस अध्ययन का उद्देश्य निर्देशित अनुभवों के द्वारा तथा अन्य अनुभवों के संदर्भ में बोध प्रशिक्षण के द्वारा जो स्कूल-पूर्व शिक्षा कार्यक्रम के भाग हैं संप्रत्यय निर्माण में तुलनात्मक प्रभावशीलता और विलगन में बोध प्रशिक्षण के वैयक्तिक सामाजिक समायोजन का पता लगाना है । 1971-72 में तथ्य सामग्री का विश्लेषण करके रिपोर्ट का प्रथम प्रारूप तैयार किया गया ।

4. किशोरावस्था

4·01 **किशोरों के लिए व्यक्तिगत सूची का विकास** :—1971-72 में आगे अध्ययन के लिए 10 उप-मापक्रमों में 250 मदों से युक्त किशोरों के लिए व्यक्तिगत सूची का अंतिम रूप तैयार किया गया । इसकी अनुदेशन नियम-पुस्तिका भी तैयार की गई ।

4·02 **किशोरों की प्राधिकरण के प्रति अभिवृत्ति अध्ययन हेतु मापक्रम का विकास** :—प्रतिवेदन वर्ष में मदों के चुनाव का कार्य जारी रहा । ऐसी आशा की जाती है, कि मई 1972 तक स्थिति मापक्रम का अंतिम रूप सामर्थ और प्रतिमान अध्ययन के लिए तैयार हो जाने की संभावना है ।

4·03 **किशोरावस्था पर सहकारी अनुसंधान** :—किशोरावस्था पर प्रबन्धों की सूची दो विश्वविद्यालयों—जामिया मिल्लिया इस्लामिया और दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई और वैषयिक पुस्तक सूची के रूप में दिल्ली केन्द्र ने क्रमबद्ध किया । परिषद् द्वारा सहकारी अनुसंधान परियोजनाओं के कार्य करने के

ढाँचे के संबंध में फैसला लिए जाने तक इस परियोजना का आगे का कार्य स्थगित कर दिया गया है।

5. सामाजिक मनोविज्ञान

छात्रों के अध्ययन व्यवहार में सुधार के लिए सामाजिक पुनर्बलन तकनीक का प्रयोग :—इस परियोजना का उद्देश्य छात्रों के अध्ययन की आदतों के सुधार के लिए सामाजिक पुनर्बलन तकनीक का प्रयोग करना है। 1971-72 में अध्ययन समाप्त करके रिपोर्ट का प्रारूप तैयार किया गया। इस अध्ययन के नतीजों से पता चलता है कि अध्यापक इस तकनीक का प्रयोग करके छात्रों को कृत्यों के उच्चतर स्तर प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

6. कार्यक्रमित अधिगम

कार्यक्रम बद्ध अधिगम के सामूहिक गतिक्रम के विरुद्ध सापेक्ष प्रभावकारिता का एक अध्ययन :—इस परियोजना का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक स्तर और कक्षा 7 के लिए सांख्यिकी में कार्यक्रमित इकाइयाँ विकसित करना है। इस प्रकार विकसित की गई सामग्री का प्रयोग अधिगम की विभिन्न अवस्थाओं में किया जाएगा जैसे व्यक्तिगत अधिगम, दल अधिगम जबकि दल का नियन्त्रण अध्यापक कर रहा हो, दल अधिगम जबकि दल छोटे आकार का हो और सदृश और विरुद्ध निपुणताओं पर आधारित हो और कार्यक्रमित सामग्री का प्रयोग अपने विचारानुसार करने में स्वतंत्र हों। सांख्यिकी सामग्री तीन इकाइयों में है :—

(1) तथ्य सामग्री की निश्चित अवधियों और वर्गीकरण की प्रस्तावना, (2) केन्द्रीय प्रवृत्ति के उपाय, और (3) विसर्जन के उपाय। इसमें से दो इकाइयाँ प्रतिवेदन वर्ष में प्रयोग के लिए तैयार की गई और तीसरी इकाई की प्रतिलिपियाँ तैयार की गई। बीजगणित में पोलीनोमियल इकाई की प्रतिलिपियाँ भी तैयार की गई। इस सामग्री का दिल्ली के विशेष स्कूलों में ऊपर लिखी हुई अवस्थाओं में परीक्षण करने और सापेक्ष प्रभावकारिता का पता लगाने के लिए नतीजों का विश्लेषण करने का प्रस्ताव है।

7. प्रतिभा

प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में प्रतिभा का अभिज्ञान :—"प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में प्रतिभा का अभिज्ञान" पर एक अनुसंधान परियोजना 1964 में एन० आई० ई०-एच० ई० डब्लू० परियोजनाओं के अंतर्गत चालू की गई थी। मार्च 1967 में समाप्त हुए प्रथम चरण में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में प्रतिभा के अभिज्ञान पर बहुत से परीक्षण विकसित किए गए। अप्रैल 1967 से मार्च 1971

तक द्वितीय चरण में विकसित प्रतिभा अभिज्ञान के परीक्षणों में संशोधन और प्रतिभा और आयु, लिंग, सामाजिक स्थिति, व्यक्तित्व और शहरी-देहाती चरों के बीच परस्पर संबंधों का अध्ययन हुआ है। ज्यादातर परीक्षणों का संशोधन समाप्त हो चुका है। इसके अतिरिक्त सर्जनात्मकता पर चार नए परीक्षण विकसित किए गए। 1971-72 में परीक्षण माला के सारे परीक्षणों को संशोधित करने का कार्य समाप्त कर लिया गया और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के स्कूलों से प्राप्त आँकड़ों के आधार पर प्रतिभा, आयु, लिंग, व्यक्तित्व और शहरी और देहाती चरों का विश्लेषण किया गया।

7·02 राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना के प्रत्याशियों और अप्रत्याशियों की विशेषताओं का तुलनात्मक अध्ययन :—इस अध्ययन का उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना के प्रत्याशियों और अप्रत्याशियों की विशेषताओं की पहचान करना है। व्यक्तित्व के परिचयपूर्ण और अपरिचयपूर्ण पहलुओं को मापने के लिए परीक्षणों की माला दिल्ली के कालेजों में पढ़ रहे बी०एससी० और एम०एससी० प्रत्याशियों और अप्रत्याशियों को दी गई। परीक्षण के लिए यह उत्तर प्रदेश (लखनऊ और इलाहाबाद के कालेजों में पढ़ रहे), महाराष्ट्र (बम्बई और पूना के कालेजों में पढ़ रहे), मध्य प्रदेश (जबलपुर के कालेजों में पढ़ रहे), तमिलनाडु (मद्रास और मदुराय के कालेजों में पढ़ रहे) और मैसूर (बंगलोर के कालेजों में पढ़ रहे) के अप्रत्याशियों को भी दिए गए।

8. शिक्षा का इतिहास

8·01 मातृभाषा और शिक्षा में अवसरों की सदृश्यता :—"मातृभाषा और शिक्षा में अवसरों की सदृश्यता पर एक अनुसंधान परियोजना अप्रैल 1971 में प्रारम्भ की गई। इसका कार्य दिसम्बर 1971 में समाप्त हो गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट को प्रेस में छपने भेज दिया गया है। इस अध्ययन में शिक्षा के विदेशी माध्यम की व्यवस्था और व्यवहार में अवसरों की सदृश्यता के आपसी संबंधों की ऐतिहासिक दृष्टि से जाँच की गई है। इस अध्ययन की मुख्य प्राप्ति यह है कि अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम रखने से, मुख्यतः विश्वविद्यालय स्तर पर, भारत में शैक्षिक समता के व्यवहार को काफी क्षति पहुँची है। इसलिए इस अध्ययन ने यह सुझाव दिया है कि मातृभाषा को ही प्रत्येक स्तर पर शिक्षा का माध्यम बनाया जाए।

8·02 भारतीय स्कूलों में सामाजिक अध्ययन का शिक्षण और स्वाधीनता के पश्चात् उसका विकास :—

स्कूलों की पाठ्यचर्या में सामाजिक अध्ययन की विभिन्न शाखाओं के पाठ्यक्रम पर बदलती हुई सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों के प्रभाव का मूल्यांकन

करना, इन विषयों की पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन करना, इस बात पर विचार करना कि क्या इन विषयों को पढ़ाने वाले अध्यापकों के पास उचित साधन हैं और क्या उन्हें इनकी उपेक्षाओं की जानकारी देने के लिए कदम उठाए गए हैं और इस बात की जाँच करना कि क्या शैक्षिक प्रशासकों को अध्ययन की इस शाखा में परिवर्तन लाने की हाल की माँग के बारे में पता है। इन सब अध्ययनों को प्रतिवेदन वर्ष में चालू रखा गया। 1970-71 में दिल्ली के स्कूलों से एकत्र तथ्य सामग्री का विश्लेषण किया गया। इस अध्ययन को भारत के सभी राज्यों में नियत समय पर करने का प्रस्ताव है। तथ्य सामग्री को एकत्र करने के लिए राज्यों की प्रश्नावली भेज दी गई।

9. तुलनात्मक शिक्षा

9·01 माध्यमिक शिक्षा में प्रवेश और विषयों के वरण पर दबाव का एक तुलनात्मक अध्ययन :—

इस अध्ययन के मुख्य उद्देश्य हैं :—

(1) विभिन्न देशों में माध्यमिक शिक्षा में प्रवेश पर तथा स्कूल के विषयों के वरण पर डाले जाने वाले दबावों की प्रकृति का विश्लेषण करना, और

(2) व्यष्टि सफलता तथा वरण की स्वतंत्रता के परिणाम का पता लगाना। प्रतिवेदन वर्ष में देश के 12 केन्द्रों पर किए गए कार्य के आधार पर तैयार प्रबंधों का सम्पादन किया गया। अतिरिक्त सामग्री का इन लेखों में समावेश किया गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट प्रकाशन एकक को छपने के लिए भेज दी गई। इसके अतिरिक्त नेपाल, लंका और फिलिपाइन्स से तथ्य सामग्री एकत्रित करने का कार्य प्रगति की ओर अग्रसर है।

9·02 कुछ चुने हुए देशों में भाषा संबंधी नीतियों को प्रभावित करने वाले कारकों का तुलनात्मक अध्ययन

इस अध्ययन के उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

(1) उन विशेष साधनों का जो बहुभाषीय देशों में भाषा की नीति निर्धारित करने और उसके कार्यान्वय में निर्णायक भाग लेते हैं उनका पता लगाना और विश्लेषण करना, और

(2) विभिन्न शैक्षिक प्रणालियों के एक ही प्रकार के परिवर्तनशील सेटों के आधार पर उनकी भाषा नीतियों के संदर्भ में एक तुलनात्मक अध्ययन करना।

1971-72 में बहुभाषीय देशों में भाषा नीति को प्रभावित करने वाले कारणों का पता लगाने के लिए इस अध्ययन द्वारा एकत्र सामग्री का विश्लेषण किया गया। प्रस्तावना अध्याय के पहले प्रारूप का तैयार किया गया।

10. पाठ्यचर्या तथा मूल्यांकन

10·01 मानक हिन्दी में भाषागत विश्लेषण और ध्वन्यात्मक परिवर्तनों का विवरण

गत वर्ष ऐसे सूचकों से जो हिन्दी की एक बोली घर में मातृभाषा के रूप में और स्तरीय हिन्दी घर के बाहर समाज में समान्य प्रथम भाषा के रूप में बोलते हैं, तथ्य सामग्री वाक-नमूनों के रूप में सभी हिन्दी भाषी राज्यों और केन्द्र-शासित प्रदेशों के उन्नीस बोली क्षेत्रों से एकत्र की गई। तथ्य सामग्री के ध्वन्यात्मक अनुकरण और विश्लेषण के बाद हिन्दी के विभिन्न बोली क्षेत्रों में उपलब्ध ध्वन्यात्मक परिवर्तनों को पहचाना गया और उनका अध्ययन किया गया। परन्तु बोली जाने वाली स्तरीय हिन्दी के प्रतिमानों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों के एक दल की बैठक में यह फैसला किया गया कि ऐसे सूचकों को पंजीकृत किया जाए जो हिन्दी की बोली नहीं बोलते हैं और स्तरीय हिन्दी, हिन्दुस्तानी या उर्दू का मात्रभाषा के रूप में उपयोग करते हैं। इसलिए 1971-72 में तथ्य सामग्री एकत्र करने के लिए उपकरण विकसित किए गए और इलाहाबाद, आगरा और लखनऊ क्षेत्रों के स्तरीय हिन्दी, हिन्दुस्तानी और उर्दू भाषियों से आवश्यक तथ्य सामग्री एकत्रित की गई, पंजीकृत की गई और उनका विश्लेषण किया गया। इन अध्ययनों की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।

क्योंकि हिन्दी के उन्नीस बोली क्षेत्रों से पहले एकत्रित की गई तथ्य सामग्री में महत्व निर्दिष्ट नहीं किया गया था और 57,000 मदों को पंजीकृत किया गया था। उन सबका फिर से अध्ययन किया गया और सब मदों में महत्व को विशेष रूप से निर्दिष्ट किया गया।

10·02 भाषा संबंधी मूलभूत अनुसंधान

भाषा संबंधी मूलभूत अनुसंधान पर दूसरा राष्ट्रीय सेमिनार एक मार्च 1972 को संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, में आयोजित किया गया। दर्शनशास्त्र, व्याकरण और काव्यशास्त्र इत्यादि विभिन्न शाखाओं से संबंधित भारतीय विचार-धारा के लगभग 25 विद्वानों ने इस गोष्ठी में भाग लिया। गोष्ठी में प्रस्तुत प्रबन्धों का सम्पादन किया जा रहा है जो पुस्तक के रूप में प्रकाशित किए जाएँगे।

10·03 हिन्दी लिखने में प्रयोग की जाने वाली देवनागरी हस्तलिपि का वर्णात्मक विश्लेषण

इस परियोजना को देवनागरी हस्तलिपि प्रयोग करने वालों की हिन्दी लेखन प्रणाली का अध्ययन करने के लिए शुरू किया गया था। हिन्दी लेखन प्रणाली के

परिच्छेद, वाक्य, अनुच्छेद, वाक्यांश शब्द अक्षर स्तरों और ध्वनि वर्णनात्मक पत्र-व्यवहार का अध्ययन किया गया। इसके अतिरिक्त हिन्दी अक्षरों का रेखाचित्रों में विश्लेपण किया गया और उनके वितरण का भी उल्लेख किया गया। हिन्दी अक्षरों की संरचना, स्थान और पुंज के साथ-साथ स्थानिक हिन्दी भाषियों की हस्तलिपि पर एकत्रित सामग्री के आधार पर अक्षरों के निर्माण के क्रम और उसकी संख्या का भी अध्ययन किया गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

10·04 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल स्तरों में मातृभाषा (हिन्दी) में बच्चों के प्रस्तुत स्तरों का अध्ययन : इस परियोजना का प्रारम्भिक कार्य 1971-72 में प्रारम्भ कर दिया गया था। यह फैसला किया गया कि सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग और शैक्षिक मनोविज्ञान तथा शिक्षा आधार विभाग अंतर-विभागीय परियोजना के रूप में कार्य करेंगे।

10·05 स्कूल बच्चों के लिए हिन्दी में शैक्षिक शब्दावली का विकास : यह परियोजना सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग और शैक्षिक मनोविज्ञान तथा शिक्षा आधार विभाग ने मिलकर प्रारम्भ की। बोली जाने वाली शब्दावली के संबंध में तथ्य सामग्री प्राथमिक स्कूल के बच्चों से एकत्रित की गई। तथ्य सामग्री के विश्लेषण का कार्य भी आरम्भ कर दिया गया है।

